



# तरुण छत्तीसगढ़


e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स

हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता

मो. 94255-32524,94241-43922

पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 36 अंक 56 | कोरबा, बुधवार, दिनांक 27 नवंबर 2024 डाक 28 नवंबर 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**

तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और उपमुख्यमंत्री टी. मल्लू भट्टी ने नई दिल्ली में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी से मुलाकात की



**देश-विदेश**

MVA के 22 प्रत्याशियों की जमानत जब्त, सबसे अधिक कांग्रेस के, भाजपा का एक भी प्रत्याशी नहीं



**फीचर पेज**

पेट का बैंड बजा सकती है खाने की एक गलत आदत, भूलकर भी न करें ऐसी गलती




## बिहार फॉर्मूला महाराष्ट्र में क्यों नहीं हो सकता लागू? बीजेपी ने बता दी अंदर की बात, सीएम पर सस्पेंस बरकरार

**मुंबई, 27 नवंबर [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र में हुए चुनाव के नतीजे सामने आने के बाद अब सबकी नजरें महाराष्ट्र के नए मुख्यमंत्री पर हैं। वहीं, महाराष्ट्र में शीर्ष पद कौन लेगा - देवेंद्र फडणवीस या एकनाथ शिंदे - इस पर महायुति गठबंधन के भीतर गहन विचार-विमर्श के बीच, भारतीय जनता पार्टी ने संकेत दिया कि राज्य में मुख्यमंत्री पद के लिए बिहार के फार्मूले को दोहराने का कोई सवाल ही नहीं है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने संवैधानिक बाध्यता के तहत अपने पद से इस्तीफा दे दिया, लेकिन मुख्यमंत्री पद को लेकर सस्पेंस बरकरार है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला ने बताया, सबसे पहले, नीतीश कुमार को सीएम बनाने की घोषणा चुनाव से पहले की गई थी। महाराष्ट्र में शिवसेना से ऐसी कोई प्रतिबद्धता नहीं जताई गई थी। दूसरी बात, हमने बिहार में जनता दल (यूनाइटेड) के साथ गठबंधन किया ताकि भाजपा राज्य में अपनी पैठ बना सके, जो नहीं हुआ। इसलिए महाराष्ट्र में भी ऐसा करने का सवाल ही नहीं उठता। इंडियन एक्सप्रेस से कहा कि बिहार में लागू मॉडल महाराष्ट्र के लिए सही नहीं है। महाराष्ट्र में इस तरह की प्रतिबद्धता की कोई वजह नहीं है, क्योंकि हमारे पास मजबूत संगठनात्मक आधार और नेतृत्व है। सबसे बड़ी बात यह है कि पार्टी ने चुनाव के बाद भी एकनाथ शिंदे को सीएम बनाए रखने की कोई प्रतिबद्धता नहीं जताई।



इसके विपरीत, शीर्ष नेतृत्व ने पूरे चुनाव के दौरान यही कहा कि सीएम पर फैसला चुनावी नतीजों के आधार पर होगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा के चुनाव समन्वयक रावसाहेब दानवे ने शिवसेना के कुछ नेताओं के इस दावे को खारिज कर दिया कि चुनाव से पहले शिंदे को शीर्ष पद का वादा किया गया था। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री चुनने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। दो पार्टियों ने पहले ही अपने विधायक दल के नेता नियुक्त कर दिए हैं और भाजपा जल्द ही एक नेता का चयन करेगी।

### राहुल गांधी के संभल जाने की सूचना पर अफसर अलर्ट, यूपी गेट पर तैनात किया पुलिस बल

**गाजियाबाद।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के संभल जाने की सूचना मिलने के बाद यूपी गेट पर तैनात बल पुलिस कर दिया है।संभल में धार्मिक स्थल के सर्वे को लेकर हुए विवाद में चार लोगों की मौत हो गई है। वहीं, इस मामले में न्यायिक जांच की मांग की गई है। उधर, इस संबंध में सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया की ओर से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम एक ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. संतोष उपाध्याय को सौंपा गया।

सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया के जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह ने कहा कि इस ज्ञापन के जरिए कार्रवाई की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि इस पूरे घटनाक्रम की न्यायिक जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मृतकों और घायलों को मुआवजा दिलाने और प्रशासनिक जवाबदेही तय किए जाने संबंधित पांच-पांच मांगें की गई हैं। सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. संतोष उपाध्याय को ज्ञापन सौंपने के दौरान अकरम, उमर मोहम्मद, फिरोज खान सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### कुरुक्षेत्र में सीएम नायब सिंह सैनी ने झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश



**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने बुधवार को कुरुक्षेत्र में लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। वह कुरुक्षेत्र में आयोजित प्रदेश स्तरीय स्वच्छता अभियान में हिस्सा लेने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने स्वच्छता की अहमियत पर भी प्रकाश डाला। मुख्यमंत्री ने खुद अपने हाथों से झाड़ू लगाकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। उन्होंने लोगों से अपील की कि वो स्वच्छता के महत्व को समझते हुए अपने आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखें। इस अभियान के साथ ही शहर के 18 सेक्टरों में एक साथ स्वच्छता महाअभियान चलेगा और उम्मीद है कि इसमें हजारों लोग शामिल होंगे। मुख्यमंत्री ने स्वच्छता अभियान की शुरुआत शेखचिल्ली के मकबरे के पास से की। इस दौरान, उन्होंने लोगों से कहा, गीता की इस धरती पर से ही श्री कृष्ण ने हजारों वर्ष पहले पूरे मानवता के लिए अमर संदेश दिया था। दुनिया के कोने-कोने से लोग यहां आते हैं। ऐसी स्थिति में हमारी यह जिम्मेदारी बन जाती है कि हम अपनी धर्मनगरी को पूरी तरह स्वच्छ रखें, ताकि यहां आने वाले लोगों के बीच गीता के संदेश के साथ ही स्वच्छता का भी संदेश जाए।

### बजरंग पुनिया का करियर खत्म! नाडा ने पहलवान पर ठोंका 4 साल का बैन



**नईदिल्ली 27 नवंबर।** भारत के मशहूर पहलवान और टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता बजरंग पुनिया को राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने चार साल के लिए निलंबित कर दिया है। निलंबन का कारण 10 मार्च को राष्ट्रीय टीम के चयन ट्रायल के दौरान बजरंग पुनिया का डोप परीक्षण के लिए नमूना देने से इनकार बताया गया है। नाडा ने यह निर्णय डोपिंग रोधी नियमों के उल्लंघन के कारण लिया है। हालांकि, बजरंग ने इसके खिलाफ अपील की थी। उन्हें कुछ समय के लिए अस्थायी निलंबन से राहत भी मिल गई थी। बजरंग पुनिया ने डोप परीक्षण के लिए अपना नमूना देने से इसलिए इनकार किया, क्योंकि वह चाहते थे कि नाडा एक्सपायर्ड किट पर स्पष्टीकरण दे। बजरंग ने यह आरोप लगाया था कि उन्हें डोपिंग किट के तौर पर एक्सपायर हो चुकी किट भेजी गई थी।

## लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित राहुल गांधी ने सरकार पर लगाया अडाणी को बचाने के आरोप

**नईदिल्ली, 27 नवंबर [एजेंसी]।**



विपक्ष के हंगामे के कारण संसद की कार्यवाही सुचारु रुप से नहीं चल पा रही है। बुधवार को शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन जैसे ही लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही शुरू हुई, विपक्ष के भारी हंगामे के कारण कार्यवाही को स्थगित करना पड़ा। लोकसभा में चर्चा शुरू होते ही विपक्ष के सांसदों ने भारी हंगामा किया। इसके बाद लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने लोकसभा की कार्यवाही को दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। जैसे ही 12 बजे कार्यवाही शुरू की गई विपक्षी सांसदों ने जमकर हंगामा किया।


इसके बाद लोकसभा की कार्यवाही कल सुबह तक के लिए स्थगित कर दी गई। दरअसल, विपक्षी सांसद लोकसभा में यूपी के संभल में हुए उपद्रव और अडाणी से जुड़े मामले में चर्चा की मांग कर रहे हैं। विपक्ष की मांग पर लोकसभा स्पीकर ने कहा कि सदन चलने दें। हर मुद्दे पर चर्चा कराई जाएगी।लोकसभा के साथ राज्य सभा में भी विपक्ष का भारी हंगामा देखने को मिला। इसके बाद राज्यसभा की कार्यवाही पहले सुबह 11.30 बजे तक के लिए स्थगित की गई। इसके बाद कल तक के लिए राज्यसभा की कार्यवाही को स्थगित किया गया है। कार्यवाही से पहले संसद के बाहर राहुल गांधी ने मीडिया से बात की। राहुल गांधी ने सरकार पर अडाणी को बचाने का आरोप लगाया। इस दौरान उन्होंने कहा, आपको लगता है कि अडानी आरोपों को स्वीकार करेंगे। जाहिर है कि वह आरोपों से इनकार करेंगे मुद्दा यह है कि जैसा कि हमने कहा है, उन्हें गिरफ्तार किया जाना चाहिए।

### रेलिंग तोड़ते हुए हिंडन नदी में गिरा मिट्टी से भरा ट्रक, दो लोगों की मौत



**बुढ़ाना/मुजफ्फरनगर 27 नवंबर।** कस्बे के हिंडन नदी पुल पर मिट्टी से भरा ट्रक पुल की रेलिंग तोड़ते हुए नदी में जा गिरा। घटना में ट्रक में सवार दो लोगों की मौत हो गई जबकि दो लोगों को पुलिस रेस्क्यू ऑपरेशन में सकुशल बाहर निकाला गया।सीओ गजेंद्र पाल सिंह ने बताया कि पंजाब के लुधियाना से ट्रक में ईंट भट्ठे में इस्तेमाल होने वाली मिट्टी मुरादाबाद ले जाई जा रही थी। ट्रक बुढाना से होते हुए मुजफ्फरनगर की ओर जा रहा था। बुधवार अलसुबह करीब तीन बजे ट्रक अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग तोड़ते हुए नदी में गिरकर पलट गया। सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई। घंटों की मशक्कत के बाद स्थानीय लोगों व हाइड्रा क्रेन की सहायता से नदी में गिरे ट्रक को बाहर निकाला गया।

## लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर भीषण हादसा, डिवाइडर तोड़ ट्रक से टकराई कार, पांच डॉक्टरों की मौत



**कन्नौज, 27 नवंबर [एजेंसी]।**

उत्तर प्रदेश के कन्नौज जिले में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई है। जबकि एक घायल हैं। कार बेकाबू होकर डिवाइडर तोड़कर दूसरी तरफ ट्रक से टकरा गई। हादसे में सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी के पांच डॉक्टरों की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर तड़के साढ़े तीन बजे के करीब किलोमीटर संख्या 196 हादसा हुआ। हादसे में सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी के पांच डॉक्टरों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे का शिकार हुए सभी डॉक्टर लखनऊ से शादी समारोह से वापस लौट रहे थे। सुबह 3.43 पर कंट्रोल रुम से सूचना मिली कि लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे के किलोमीटर संख्या 196 पर हादसा हो गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। स्कार्पियो आगरा जा रही थी, नींद आने के कारण कार डिवाइडर तोड़ कर आगरा से लखनऊ जाने वाली दिशा में पहुंच गई। इसके बाद आगरा की तरफ से आ रहे ट्रक से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में अनिरुद्ध वर्मा पुत्र पवन कुमार वर्मा निवासी राधा विहार एक्सटेंशन कमला नगर आगरा समेत पांच लोगों की मौत हो गई है, जबकि एक व्यक्ति गंभीर घायल है।

घायल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती करा दिया गया है। शवों को मोर्चरी में रखा गया है। बताया गया कि सभी मृतक डॉक्टर हैं और सैफई मेडिकल कॉलेज में पीजी कर रहे हैं। मेडिकल कॉलेज के सीएमएस डॉ.दिलीप सिंह ने बताया कि सभी के परिजनों को सूचना दे दी गई है। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, जबकि ट्रक चालक मौके से भाग गया है। एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि तिर्वा पुलिस को हादसे की जांच के आदेश दिए गए हैं।

### बांग्लादेश में गिरफ्तार संत चिन्मय दास के लिए अरविंद केजरीवाल ने जताई एकजुटता, केंद्र सरकार से की ये मांग

**नईदिल्ली, 27 नवंबर ।**

आम आदमी पार्टी के संयोजक व दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपने एक्स अकाउंट पर संत चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी को लेकर एक पोस्ट डाली है। उन्होंने लिखा कि बांग्लादेश में अन्यायपूर्ण तरीके से गिरफ्तार किए गए संत चिन्मय कृष्ण दास के साथ पूरा देश एकजुटता के साथ खड़ा है। केजरीवाल ने अपनी पोस्ट में लिखा कि केंद्र सरकार से अपील करता हूं। इस मामले में हस्तक्षेप करके संत चिन्मय दास को जल्द से जल्द मुक्त कराएं।

## फेंगल तूफान मचाएगा कहर! तमिलानाडु में भारी बारिश का अलर्ट, NDRF तैनात, एयरलाइंस ने जारी की एडवाइजरी

**नईदिल्ली, 27 नवंबर [एजेंसी]।**

उत्तर भारत में जहां एक ओर कड़ाके की ठंड ने दस्तक देनी शुरू की है। वहीं, दक्षिण भारत में बेमौसम बारिश शुरू हो गई है। मौसम विभाग ने बताया कि यह बारिश तूफान फेंगल के कारण हो रही है। दरअसल, मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को बंगाल की खाड़ी से एक चक्रवाती तूफान उठेगा, जिसके तमिलनाडु के तट से 2 दिन में टकराने की संभावना है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने बंगाल की खाड़ी के दक्षिणी भाग में बन रहे एक दबाव क्षेत्र के बारे में चेतावनी दी है, जो आने वाले समय में और तीव्र होकर तूफान में तब्दील हो सकता है। इस तूफान का नाम फेंगल होगा। इसके कारण तमिलनाडु, पुडुचेरी और आंध्र प्रदेश में भारी से लेकर बहुत भारी बारिश होने की संभावना है।




वहीं, इन क्षेत्रों में तेज हवा चलने की भी संभावना है।

इस चक्रवात का असर मंगलवार से ही देखने को मिल रहा है। तमिलनाडु के कई इलाकों में कल से ही बारिश हो रही है। तूफान फेंगल से निपटने के लिए तैयारियां की जाने लगी है। तमिलनाडु के त्रिची, रामनाथपुरम, नागपट्टिनम, कुड्डालोर, विल्लुपुरम और तिरुवल्लूर जिलों में विद्यालयों में छुट्टियां कर दी गई हैं।

## स्मार्ट मीटर चंगा है और आगे मुफ्त में बिजली नहीं, नीतीश सरकार की विपक्ष को दो टूक

**पटना, 27 नवंबर [एजेंसी]।**



विधान परिषद की पहली पाली में राजद के कुमार नागेंद्र ने बीपीएल परिवारों को स्मार्ट मीटर से मुक्त रखने और प्रतिमाह 200 यूनिट बिजली निऱ्शुल्क देने से संबंधित प्रश्न किया था। उनका तर्क था कि उपयुक्त वोल्टेज नहीं होने पर स्मार्ट मीटर की रीडिंग सही नहीं होती। इसका उन्होंने तकनीकी आधार बताया। ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र यादव ने ऐसे किसी भी विज्ञान को मानने से इनकार कर दिया। उन्होंने साफ कहा कि स्मार्ट मीटर बिजली के उपयोग के आधार पर चलता है। सरकार महंगी दर से बिजली खरीदकर सस्ती दर से उपभोक्ताओं को दे रही। हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक की स्थिति से समझा जा सकता है कि निःशुल्क बिजली देने का खामियाजा क्या होता है। 52 लाख से अधिक स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। शिकायत बड़ी होनी चाहिए, जो कि नहीं है। हाल-फिलहाल केंद्रीय ऊर्जा मंत्री द्वारा आयोजित सेमिनार में पूरे देश में स्मार्ट मीटर लगाए जाने पर सहमति बनी है। इस व्यवस्था से अवगत होने के लिए छह-सात राज्यों का प्रतिनिधिमंडल भी बिहार का भ्रमण कर चुका है। बीपीएल परिवारों को पहले से ही 50 यूनिट तक बिजली निः शुल्क दी जा रही।

राज्य में बीपीएल श्रेणी के कुल लगभग 59 लाख उपभोक्ता हैं। उनमें से 10 लाख उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर है। उन्हें सस्ती बिजली उपलब्ध कराने के लिए निर्धारित टैरिफ (बिजली दर) में से अधिकांश हिस्से (73.4 प्रतिशत) पर अनुदान दिया जा रहा है। यह दर 1.97 प्रति यूनिट है।

### हरे निशान पर खुला शेयर बजार, अदाणी समूह के बयान के बाद सेंसेक्स और निफ्टी में उछाल



**मुंबई, 27 नवंबर [एजेंसी]।**

अमेरिका में लगाए गए आरोपों को अदाणी समूह की ओर से नकारे जाने के बाद बुधवार को शेयर बाजार हरे निशान पर खुला। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी में उछाल देखा गया। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 166.1 अंक चढ़कर 80,170.16 अंकों और 50 शेयरों वाला निफ्टी 74.35 अंक की बढ़त के साथ 24,268.85 अंकों तक पहुंच गया है।





स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक

चर्म, गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार

डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)

-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद)

डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर, रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक, बुधवारी बाजार के पास, कोरबा



# आयुष्मान कार्ड बनाएं सभी लोग :पाण्डेय



**कोरबा ।** कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन में नगर पालिक निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने आज समय सीमा की बैठक लेकर विभागीय कामकाजों की समीक्षा की। उन्होंने टीएल के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य में प्रगति लाने के निर्देश देते हुए अधिकारियों को अपने आसपास के ऐसे लोगों को जिनका आयुष्मान कार्ड नहीं बना है उन्हें प्रोत्साहित करने भी कहा। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी से जर्जर स्कूल भवनों, सायकल स्टैंड, प्रार्थना शेड, कीचन आदि के संबंध में जानकारी देने आदि के संबंध में जानकारी देने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में चल रही धान खरीदी की जानकारी लेते हुए धान खरीदी पारदर्शिता करने और शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं निर्देशों के अनुसार खरीदी करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री दिनेश कुमार नाग, अपर कलेक्टर श्री अनुपम तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक लेते हुए आयुक्त श्री पाण्डेय ने लंबे समय से एक ही जगह पदस्थ संकुल समन्वयकों को अन्यत्र स्थानांतरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अनुकंपा अन्तर्गत पात्र लोगों का समय पर नियुक्ति करने एवं शासकीय कर्मचारियों के अनुकंपा, समयमान वेतनमान, पदोन्नति सहित विभागीय जांच के मामले में समय पर निराकरण के निर्देश दिए। आयुक्त ने दुर्घटनाओं में मृत व्यक्तियों के आश्रितों को दिए जाने वाले मुआवजा राशि के प्राप्त आवेदनों का समय पर उचित निराकरण करते हुए संबंधित व्यक्तियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने एसडीएम, तहसीलदार, थानेदार एवं स्थानीय अधिवक्ताओं के बीच आपस में समन्वय बनाकर ऐसे प्रकरणों का त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। समय सीमा की बैठक में उन्होंने अविद्युतीकृत बसाहटों में विद्युतीकरण, लो वोल्टेज वाले क्षेत्रों में क्षमता वाले ट्रांसफार्मर लगाने के निर्देश देते हुए नगर निगम क्षेत्रों में इलेक्ट्रीफिकेशन के दौरान नगर निगम के अधिकारियों के साथ संयुक्त सर्वे कर व्यवस्थित ढंग से विद्युत खंभे एवं तार लगाने के निर्देश दिए। आयुक्त ने संजय नगर रेलवे क्रासिंग में अण्डर पास निर्माण की प्रगति, पीडीएस भवन निर्माण, पीएम जनमन अन्तर्गत किये जा रहे कार्य, राशन कार्ड का ई-केवायसी, दिव्यांग एवं वृद्धा आश्रम, समाज कल्याण अन्तर्गत आधार नंबर की एंट्री आदि की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आयुक्त ने पीएम पोर्टल अन्तर्गत प्राप्त प्रकरणों की समीक्षा करते हुए समय सीमा के भीतर निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने जनपद अन्तर्गत लंबित प्रकरणों एवं महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा की। प्रभारी कलेक्टर ने पीएम जनमन अन्तर्गत कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश जनपद सीईओ को दिए।

## अवैध धान को प्रशासन ने जप्त किया

कोरबा । कलेक्टर श्री अजीत वसंत के निर्देशन में जिले के धान उपार्जन केंद्रों में अवैध धान के आवक पर रोक लगाने प्रशासन द्वारा गम्भीरता से कार्य किया का रहा है। जिला प्रशासन द्वारा समितियों में विक्रय हेतु आने वाले धान की मॉनिटरिंग की जा रही है। सरकारी जमीन में अतिक्रमण कर खेती करने वालों के विरुद्ध निरंतर जब्ती की कार्यवाही की जा रही है।

इसी कड़ी में करतला तहसील के ग्राम बेहरचुआं में स्थित भूमि खसरा नंबर 1392/16 रकबा 4.573 हेक्टेयर में से 2.835 हेक्टेयर लगभग 7 एकड़ शासकीय भूमि में कब्जा कर फसल लेने वाले अतिक्रमणकारी उम्मेद सिंह एवं खूंटाकूड़ा निवासी उमर सिंह द्वारा शासकीय भूमि में ली गई फसल में से 135 बोरी धान व खेत में कटाई की गई फसल को राजस्व विभाग द्वारा जब्त किया गया।

# बिना आयु प्रमाण पत्र के वैवाहिक कार्यक्रम में सेवाएं न प्रदान करें

## बाल विवाह पर रोकथाम जरूरी

कोरबा । कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 6(1) (क) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 27 नवंबर को सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा का आयोजन करने के निर्देश दिए हैं। ग्राम सभा में बाल विवाह मुक्त पंचायत बनाने की भी शपथ ली जायेगी। महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्रीमती रेणु प्रकाश ने बताया कि बाल विवाह के रोकथाम के लिए जागरूकता आवश्यक है। ग्राम सभा में बताया जाये कि 18 वर्ष से कम आयु के लडकी और 21 वर्षसे कम आयु के लडके का विवाह कानूनन अपराध है। बाल विवाह करना, करवाना, सहायता करना, बाल विवाह को बढावा देना उसकी अनुमति देना अथवा बाल विवाह में सम्मिलित होना भी अपराध है। इसके लिए 2 वर्ष तक का कठोर कारावास अथवा जुर्माना जो कि 1 लाख रूपये तक हो सकता है अथवा दोनों से दण्डित किया जा सकता है।बाल विवाह के दुष्परिणाम -शिक्षा का अभाव, मानसिक विकास में रूकावट, शारीरिक दुर्बलता, समय पूर्व गर्भावस्था, शिशु मृत्यु दर में वृद्धि, मातृ मृत्यु दर में वृद्धि।बाल विवाह न हो इस हेतु सभी गणमान्य नागरिकों, समाज प्रमुखों, धार्मिक व वैवाहिक अनुश्ठान को सम्पन्न कराने वाले धार्मिक सेवा प्रदाता, टेंट हाउस, डी.जे., बैण्डबाजा, प्रिंटिंग प्रेस संचालकों तथा सभी नागरिकों से अपील किया जाये कि बिना आयु प्रमाण पत्र के वैवाहिक कार्यक्रम में सेवाएं न प्रदान करें। बाल विवाह पर प्रभावी रोक के लिए सभी अपना सहयोग प्रदान करें, जिससे बाल विवाह जैसी कुप्रथा को समाप्त किया जा सके और बच्चों के देखरेख एवं संरक्षण को सुनिश्चित किया जा सके।बाल विवाह की सूचना मिले तो क्या करें -यदि आपके आस पास कोई बाल विवाह कराये जाने की सूचना प्राप्त होती है तो तत्काल उसे रोके। बाल विवाह की सूचना जिला प्रशासन, पुलिस तथा महिला एवं बाल विकास विभाग को दें।



## विद्यालयों में स्वच्छता गतिविधियों का हुआ आयोजन

**कोरबा ।** कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन और सीईओ जिला पंचायत श्री दिनेश कुमार नाग के मार्गदर्शन में कटघोरा जनपद पंचायत के शासकीय विद्यालयों में साफ सफाई, हाथ धुलाई आदि स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।हमारा शौचालय हमारा सम्मान थीम पर विश्व शौचालय दिवस 19 नवंबर से प्रारंभ हो कर मानव अधिकार दिवस 10 दिसंबर 2024 तक ग्राम पंचायतों, जनपद पंचायत कटघोरा के विद्यालयों में बच्चों के हांथ धुलाई कार्यक्रम,स्कूल स्वच्छता रैली का आयोजन, श्रमदान से स्कूल परिसर की सफाई, स्वच्छता शपथ, स्वच्छता पर रंगोली, शौचालय का निरंतर उपयोग व सफाई एवम स्वच्छता पर चर्चा-परिचर्चा किया जा रहा है। आंगनबाड़ी केंद्रों में भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं के द्वारा छोटे-छोटे बच्चों की हांथ धुलाई कराकर स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है।

# उरगा-चांपा राष्ट्रीय राजमार्ग से मड़वारानी मंदिर का किया गया शिफ्टिंग

**कलेक्टर के निर्देश पर हुई बैठक के पश्चात ग्रामीणों के बीच बनी सहमति**

**विधिवत पूजा-पाठ कर ग्रामीणों ने मूर्ति को किया अन्यत्र स्थापित**

**राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण में सहयोग के लिए जिला प्रशासन ने दिया समिति तथा जनप्रतिनिधियों को**

कोरबा । उरगा-चांपा सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग 149 बी बनाने के साथ ही यहां फोरलेन सड़क बनाने का कार्य प्रारंभ है। इस दौरान सड़क निर्माण हेतु भूमि का अधिग्रहण कर इस मार्ग में स्थित आवास, दुकान सहित अन्य परिसंपत्तियों का मूल्यांकन पश्चात मुआवजा राशि दी गई। मार्ग में ग्राम खरहरी के पास मड़वारानी के पास निर्माणाधीन सड़क की सीमा में मंदिर स्थापित होने की वजह से सड़क निर्माण का कार्य विगत तीन वर्षों से अधूरा था। इस बीच मड़वारानी मंदिर समिति, ग्रामीणों के बीच बैठक भी आयोजित की गई। बैठक में सहमति के पश्चात ग्रामीणों द्वारा मंदिर को अन्यत्र स्थान पर स्थापित किया गया। तीन दिवस तक ग्रामीणों द्वारा मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर आज ढोल बाजे के साथ मंदिर के मूर्ति को मड़वारानी मंदिर विकास समिति के सहयोग से जिला प्रशासन द्वारा मंदिर को अन्य स्थान पर प्रतिस्थापित किया गया। कलेक्टर श्री अजीत वसंत के निर्देश पर एसडीएम श्री सरोज महिलांगे तथा पुलिस प्रशासन की टीम ने ग्रामीणों के बीच बैठक की। बैठक में मंदिर को अन्यत्र स्थापित करने बनी सहमति के पश्चात समिति के सदस्यों और ग्रामीणों की उपस्थिति में मंदिर को सद्भावना पूर्वक अन्य स्थान पर स्थापित किया गया। कलेक्टर श्री वसंत ने उरगा-चांपा मार्ग से माता मड़वारानी मंदिर को अन्य चिन्हांकित स्थान पर प्रतिस्थापित किये जाने पर मड़वारानी मंदिर विकास समिति को विकास कार्यों में सहयोग देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है। उन्होंने कहा है कि उरगा-चांपा मार्ग पूरी तरह से बनने के पश्चात आवागमन सुगम होगी और कोरबा सहित जांजगीर-चांपा जिले एवं अन्य लोगों को यातायात के दबाव से मुक्ति मिलने के साथ-साथ राहत मिलेगी।




# धान खरीदी केन्द्रों में अच्छी सुविधा मिल रही किसानों को






कोरबा । मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मंशानुसार किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान समर्थन मूल्य पर खरीदने एवं उपार्जन केन्द्र में किसानों को मिल रही सुविधाओं से जिले के अन्नदाता अत्याधिक प्रसन्न है एवं उत्साह पूर्वक अपने उपज का विक्रय करने खरीदी केंद्र पहुँच रहे हैं।

कोरबा विकासखण्ड के ग्राम कोरकोमा के किसान श्री लीलाम्बर पटेल ने कृषक हितैषी सरकार के इस कार्य की सराहना करते हुए बताया कि आज वे कोरकोमा समिति में अपना 100 क्विंटल धान बेचने आए हैं। उन्होंने बताया कि उनकी 11 एकड़ जमीन है, जहां वे बरसात के समय धान की फसल लेते हैं। एक सप्ताह पूर्व ही घर बैठे उन्होंने अपने उपज विक्रय के लिए मोबाईल के माध्यम से ऑनलाइन पहला टोकन प्राप्त किया। घर बैठे ही टोकन मिलने से उन्हें समितियो के चक्कर लगाने से छुटकारा मिला और आज वे धान बेचने समिति आए है। जहां बड़ी सरलता से उनके धान की खरीदी हो गई। समिति प्रबंधक द्वारा धान की पलटी करने, बोरी में भरने एवं तौलाई कार्य मे पूरा सहयोग किया जा रहा है।

कृषक लीलाम्बर पटेल ने राज्य शासन द्वारा 21 क्विंटल प्रति एकड़ व 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से की जा रही धान खरीदी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस पहल से किसानों को अपने परिश्रम का वास्तविक मूल्य मिल रहा है। किसान लीलाम्बर ने कहा कि प्रत्येक किसान की यही उम्मीद होती है कि उसकी उपज और मेहनत का उसे उचित और सही दाम मिले। किसानों को उनकी मेहनत का उचित प्रतिफल मिलने से उनके जीवनस्तर में सुधार के साथ ही कृषि क्षेत्र के विकास में भी योगदान देता है। उचित मूल्य मिलने से किसान आत्मनिर्भर बनते हैं और कृषि के प्रति उनका विश्वास बढ़ता है।

इसी प्रकार भैंसमा उपार्जन केंद्र में अपने 50 क्विन्टल धान विक्रय के लिए आए बेंदरकोना के किसान हरीश कुमार मार्बल ने प्रशासन द्वारा केंद्र में धान खरीदी हेतु किए गए समुचित व्यवस्था पर हर्ष प्रकट किया। उन्होंने शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शासन द्वारा 3100 रूपए में प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदकर 72 घंटे के भीतर किसानों के खाते में राशि अंतरण होने से किसान बहुत खुश है। उन्होंने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि राज्य शासन के इस महत्वपूर्ण कदम से किसानों की मेहनत को सच्चा सम्मान मिला है और उन्हें अपनी उपज का सही मूल्य प्राप्त हो रहा है। सरकार की यह पहल किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाने में सहायक है। किसान हरीश ने बताया कि केंद्र में किसानों की सहूलियत का पूरा ध्यान रखा गया है। उन्हें अपने मेहनत की उपज को बेचने में किसी प्रकार की कोई परेशानी नही हुई। धान उपार्जन केन्द्र में किसानों के लिए छांव, पेयजल, शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। राज्य शासन द्वारा टोकन के लिए किए गए ऑनलाइन पंजीयन व्यवस्था से किसानों को समितियो में लाइन में खड़े होकर अपने बारी का इंतिजार नही करना पड़ रहा। इस व्यवस्था से किसान घर बैठे ही टोकन प्राप्त कर रहे है और सही समय पर अपना धान बेच पा रहे है। धान विक्रय का भुगतान भी शीघ्रता से होने से किसानों को बहुत राहत मिल रही है। बच्चों की पढ़ाई, घरेलू आवश्यकताओ की पूर्ति, जरूरी सामानों का क्रय करने में मदद मिल रही है। साथ ही समितियों में माइक्रो एटीएम से किसान 10 हजार रूपए तक की राशि का आहरण कर सकता है। जिससे किसानों की आर्थिक समस्या का भी निदान हो रहा है। उन्होंने कहा कि बहुत ही आसानी से धान विक्रय के लिए टोकन हमर हाथ के माध्यम से ऑनलाईन टोकन कटवाया था। धान उपार्जन केन्द्र में पर्याप्त मात्रा में बारदाने की उपलब्धता है, पूर्ण पारदर्शिता से इलेक्ट्रानिक वजन मशीन से धान की तौलाई की जा रही है एवं 72 घण्टे के अंदर खाते में राशि भुगतान किया जा रहा है। साथ ही धान उपार्जन केन्द्र में किसानों के लिए सभी समुचित सुविधाएं उपलब्ध है। किसानो ने सरल, पारदर्शी तरीके से धान खरीदी करने एवं शीघ्रता से किसानों के खाते में राशि अंतरित करने हेतु राज्य शासन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## 29056.40 क्विंटल धान की हुई खरीदी

कोरबा । छत्तीसगढ़ शासन द्वारा खरीफ वर्ष 2024-25 में जिले के 65 धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों से धान की खरीदी की जा रही है। शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी होने से किसानों में हर्ष व्याप्त है। धान खरीदी केंद्रों में जिला प्रशासन द्वारा किसानों की उपज खरीदी के लिए ऑनलाइन टोकन वितरण, बारदाने की उपलब्धता, इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन से तौलाई, शीघ्रता से भुगतान आदि की समुचित व्यवस्था की गई है। जिले में 55 हजार से अधिक किसान धान विक्रय के लिए पंजीकृत है। जिले में अब तक हजार 607 पंजीकृत किसानों से 29056.40 क्विंटल अच्छी गुणवत्तायुक्त धान की खरीदी की गई है।

# संविधान की प्रस्तावना का पठन करने के साथ इसका अनुपालन करने की दिलाई शपथ



कोरबा। भारतीय संविधान को अंगीकृत करने के दिन 26 नवम्बर को हर साल संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने भारतीय संविधान को अंगीकृत किया था। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में भी आज संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय, जिला पंचायत सीईओ श्री दिनेश कुमार नाग सहित अधिकारी कर्मचारियों ने संविधान की मूल भावना के अनुसार कार्य करने की शपथ ली। आयुक्त ने अधिकारी, कर्मचारियों को भारत के संविधान की शपथ दिलाई । शपथ में कहा गया कि हम भारत के लोग, भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-सम्पन्न, समाजवादी, पंथ निरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए तथा उन सबमें व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़संकल्प होकर अपनी इस संविधान सभा में, इस संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मसमर्पित करते हैं। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अनुपम तिवारी, एसडीएम श्रीमती सीमा पात्रे, श्री तुलाराम भारद्वाज, वरिष्ठ कोषालय अधिकारी श्री पी.आर.महादेवा, जिला शिक्षा अधिकारी श्री टी.पी.उपाध्याय, ईई पीडब्ल्यूडी श्री जी.आर.जांगड़े, डीपीओ श्रीमती रेणु प्रकाश, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्री श्रीकांत कसेर, डिप्टी कलेक्टर रूचि शार्दुल, श्री गौतम सिंह, सहायक श्रम आयुक्त श्री राजेश आदिले, ईई पीएचई ए.के. बच्चन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## 119 अमृत सरोवर स्थल पर मनाया गया संविधान दिवस

कोरबा। कलेक्टर श्री अजीत कुमार वसंत के निर्देशन में सीईओ जिला पंचायत श्री दिनेश कुमार नाग ने जनपद पंचायत कोरबा अंतर्गत ग्राम पंचायत गोडमा के अमृत सरोवर स्थल में 26 नवंबर, संविधान दिवस को सुबह ग्रामीणों को संविधान की उद्देशिका, प्रस्तावना का पाठन कराया। जिले के सभी अमृत सरोवर स्थल पर संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। ग्राम गोडमा के अमृत सरोवर स्थल में आयोजित विशेष उत्सव कार्यक्रम में सीईओ श्री दिनेश कुमार ने उपस्थित ग्रामीणों को संविधान की उद्देशिका का वाचन करके पाठन कराया।

# गरिमा के साथ जीवन जीने के बारे में बनानी होगी मानसिकता :सत्येन्द्र



कोरबा। दिनांक 26 नवम्बर 2024 को संविधान दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शासकीय ई.व्ही. पी.जी. महाविद्यालय कोरबा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि माननीय श्री सत्येन्द्र कुमार साहू, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि इस सभा में सबसे अधिक छात्राएं अधिक संख्या में उपस्थित है आज से 20 वर्षो पूर्व इतने छात्राएं उपस्थित नहीं हो पाते थे। आज यह सभी संभव हो पाया है हमारे संविधान के कारण। संविधान की उद्देशिका में समस्त नागरिकों को सामजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक न्याय, विचार अभिव्यक्ति, धर्म, उपासना की स्वतंत्रता, निष्ठा एवं अवसर की समता प्रदान किया गया है। सभी व्यक्ति को गरिमा पूर्ण जीवन यापन करने का अधिकार दिया गया है। यह हमारा मानव अधिकार है। व्यक्ति की गरिमा के संबंध में संक्षिप्त उदाहरण देते हुये कहा गया कि कोई भी मनुष्य को हम दुखी अवस्था में देखते है तो हमें तकलीफ होती है। हम सब मनुष्य है। हमें मानवीय गरिमा से जीवन जीने का अधिकार है। लड़कियों को, गरीबों को आगे बढाना है बहुत से योजनाओं का लाभ हमें संविधान के द्वारा प्रदाय किया गया है। संविधान हमारे जीवन के प्रत्येक अंग से जुड़ा हुआ है। हमें हमेशा लीगल वे सही, रास्ता में चलना चाहिये। विधि है तो उपचार भी होगा। कानूनी उपचार लेना कठिन कार्य है। ये सभी हमारे संविधान में प्रावधनित है।

श्री जयदीप गर्ग, विशेष न्यायाधीश, कोरबा के द्वारा बताया गया कि दिनांक 26 नवम्ब 1949 को संविधान सभा ने इस भारत के संविधान को पास किया गया था। 26 जनवरी 1950 को प्रावधानित हुआ है। संविधान सभी के लिये समान विधान है। हमारा संविधान हमें अनेक अधिकारों के साथ कर्तव्य भी बताता है। सभी कानून संविधान से निकलते है कोई कानून बनता है और वह संविधान के अनुरूप नहीं है तो न्यायपालिका, उच्चतम न्यायालय उसे निरस्त कर देता है। अधिकार एवं कर्तव्य एक सिक्के के दो पहलू है। हम सभी को अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्य का पालन करना आवश्यक है। कु डिम्पल, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा (छ0ग0) के द्वारा संविधान दिवस की बधाईयां देते हुये बताया गया कि संविधान नियमों और कानूनों का एक समूह है जो किसी देश के संचालन और नियंत्रण को विनियमित करता है। संविधान कर्तव्यों के साथ-साथ मौलिक अधिकारों, राज्य के नीति निर्देशक तत्व और नागरिक जिम्मेदारियों को भी परिभाषित करता है। संविधान की प्रस्तावना में ही संविधान का सार है। कानून गरीब या अमीर में कोई अंतर नहीं रखता है। कानून सभी के लिए समान है। कानून परिस्थितियों में परिवर्तन के आधार पर समाज के नागरिकों की सेवा हेतु समय= पर संशोधित किया जाता है।

श्री आशुतोष पाण्डेय, आयुक्त नगर पालिक निगम विशिष्ट अतिथि के द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि छात्रों को अनुशासन के मामले में संगठित किया गया है। संविधान को हमारे संविधान सभा में पारित किया गया था। यह दिन महत्वपूर्ण है क्योकि इस दिन हमने स्वतंत्रता पूर्ण रूप से पायी थी। कहा जाता है कि न्याय का एक घंटा प्रार्थना के 70 घंटा से ज्यादा मूलयवान है। इस वाक्य से समझ सकते हैं कि हमारी न्यायिक प्रणाली कितनी महत्वपूर्ण है। भारत का संविधान में विभिन्न देशों के अच्छे-अच्छे अंश को लिया गया है। इसे एक वृहद् संविधान बनाया गया है जो कि विश्व का सबसे बड़ा संविधान है। शहर की व्यवस्था को चलाने के लिये बाध्य होता है। नगल पालिक के नियमों का पालन करना हमारा दायित्व है। कानून से ना कोई ऊपर है और ना ही कोई नीचे है अर्थात कानून सबके लिए समान है और यह लिखित रूप में है।श्री आर.बी. शर्मा प्राचार्य, शासकीय ई.व्ही. पी.जी. महाविद्यालय कोरबा के द्वारा उक्त कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि का आभार प्रदर्शन किया गया। उक्त कार्यक्रम में श्री गणेश कुलदीप, अध्यक्ष, जिला अधिवक्ता संघ कोरबा, श्री नूतन सिंह, सचिव, जिला अधिवक्ता संघ कोरबा एवं डॉ. एन.के. सिंह तथा उपायुक्त नगर पालिक निगम कोरबा उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया।

# ओपन थियेटर में संविधान दिवस, पूर्व मंत्री जयंसिंह ने कहा अधिकारों का करें उपयोग




कोरबा। संविधान के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा के तत्वाधान में ओपन थियेटर घंटाघर चौक पर स्थित बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर प्रतिमा के समक्ष संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, महापौर राजकिशोर प्रसाद, सभापति श्याम सुंदर सोनी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, पार्षद अनुज जायसवाल, संतोष लांझेकर, नरायण कुर्रे, निर्मल सिंह राज, पुष्पा पात्रे, सीमा कुर्रे, रमेश्वर नवरंग, सत्या लांझेकर, छत्रवाल कुर्रे, त्रिवेणी मिरी, लक्ष्मी भट्ट, रवि खुंटे, युवा कांग्रेस अध्यक्ष राकेश पंकज सहित उपस्थित कांग्रेसजनों ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बाबा साहब के याद किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कांग्रेसजनो एवं आम नागरिकों से संविधान की रक्षा करने का आव्हान करते हुए कहा कि संविधान डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने बड़ी मेहनत से तैयार किया है। आज यही संविधान देश के नागरिकों के विश्वास और संकल्प का प्रतीक है। श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि हमारे महापुरूषों ने संविधान जैसे महान और पवित्र किताब बेहतर भारत के लिए बना कर हमारे लिए छोड़ गये। संविधान के पन्नों में भारत का अतीत और भारत के भविष्य के सुनहरे सपने अंकित है। पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने संविधान के प्रस्तावना का वाचन किया।

महापौर राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि हमारा संविधान हमें सामाजिक, आर्थिक गारंटी देता है। हमारा संविधान भारत को एक संप्रभु समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य बनाता हैं।सभापति श्यामसुंदर सोनी ने कहा कि संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर हम संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर सहित सभा के सदस्यों के योगदान को सादर नमन करते है। हम उनकी दूरदर्शिता और समझ के लिए उन्हें हर हमेशा याद करते रहेंगे।जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल ने डॉ. भीमराव अम्बेड़कर के इस अथक प्रयास और योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संविधान को बनाने में वर्षो की मेहनत लगी। दिन रात के अथक परिश्रम से यह महान व पवित्र ग्रंथ तैयार हुआ। बताया जाता है कि संविधान लेखन में 432 पेन की निब घिस गई थी।इस अवसर पर रामगोपाल यादव, श्याम खुंटे, जया लहरे, श्याम बाई जोशी मिथला बाई, गनेशी खुंटे, सीता लहरे, ललिता धिरही, लक्ष्मीन सुमन, गिरजा खुंटे, विकास खुंटे, विजय आनंद, रूखमणी, सुशीला, हेमलता, नीलू बौद्ध, वनमाला बागड़े, रजना गणवारे, मंजू रावत, संत दिवाकर, पन्ना लाल, बसंत राज, रामकृष्ण चौहान, शिव कुमार चौहान आदि ने भी डॉ. भीवराव अम्बेड़कर जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया और संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर एक दूसरे शुभकामनाए दी।

# जांजगीर में कांग्रेस जनों ने मनाया संविधान दिवस



**जांजगीर।** जिला कांग्रेस कमेटी के संयोजकत्व में 26 नवंबर को संविधान दिवस के तत्वाधान में जांजगीर पुराना कचहरी चौक के पास स्थित भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित कर, मोमबत्ती, अगरबत्ती प्रज्वलित किया गया, तत्पश्चात जिला कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष रमेश पैगवार के नेतृत्व में भारत के संविधान के उद्देशिका का सामूहिक पठन किया गया

कार्यक्रम में जांजगीर-चांपा विधानसभा के विधायक ब्यास कश्यप ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत का संविधान सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त करने के लिए पवित्र ग्रंथ है भारतीय संविधान के बदौलत ही भारत में कई भाषा, अलग-अलग राज्यों के परिवेश के बावजूद भारत देश एकजुट होकर विश्व शक्ति बनने के लिए आतुर है वर्तमान परिवेश में हम सब नागरिकों का कर्तव्य है की भारतीय संविधान का सम्मान एवं आत्मसात करें

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष डाक्टर परस शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष भगवान दास गढ़वाल, वरिष्ठ कांग्रेसी देवेश सिंह, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष रफीक सिद्धकी, विवेक सिसोदिया, जिला युवक कांग्रेस के अध्यक्ष प्रिंस शर्मा, सेवादल के जिला अध्यक्ष देव कुमार पांडे, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवागढ़ के अध्यक्ष शत्रुहम दास महंत, जिला कांग्रेस महामंत्री ऋषिकेश उपाध्याय, सुखराम गरेवाल,संतोष गढ़वाल बबई, अनिल चौरसिया, रफीक खान, मुस्कान परवीन, चुन्नू थवाईत, राजकुमार ताम्रकार, सनत डहरिया, शांति कुमार साहू, सफीक खान, प्रदीप यादव, चूड़ामणि गढेवाल, सतीश कश्यप, कमलेश ताम्रकार, रामसनेही, अतिक कुरैशी, विजय सूर्यवंशी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित हुए।

# धान खरीदी प्रभारी बनाने वाले मामले की हो उच्च स्तरीय जांच

## जीरो शॉर्टेज देने वाले प्रभारियों को जानबूझकर किया गया है किनारा

**जांजगीर चांपा।** सेवा सहकारी समितियो में जिस तरह से धान खरीदी केंद्रों का प्रभारी बनाया गया है इसमें खुलकर लेनदेन किए जाने की बातें सामने आ रही है परंतु जिला प्रशासन के अधिकारी मूकदर्शक बने बैठे हैं जो मामले का संज्ञान तक नहीं ले रहे हैं। पिछले कई सालों से ईमानदारी पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते चले आ रहे हैं ऐसे केंद्र प्रभारियों को हटाकर कंप्यूटर ऑपरेटर को धान खरीदी केंद्र का प्रभारी बनाया गया है यह लोगों की समझ से परे है,परंतु इस कार्य में जमकर लाखों रुपए लेनदेन किए जाने की बातें कहीं जा रही है इस मामले में जहां जिला पंजीयन एवं जिला विपणन अधिकारी एवं खाद्य अधिकारी सहित अन्य लोगों का नाम सामने आ रहा है यह जिला प्रशासन के लिए एक बदनुमा दाग के समान है जो अच्छे कार्य करने वाले लोगों को दरकिनार कर कंप्यूटर ऑपरेटरो को धान खरीदी केंद्र का प्रभारी बना दिया गया है।



सबसे ध्यान देने वाली बात यह है कि कल तक जो लोग धान खरीदी केंद्र का प्रभारी थे वे मेहनत कर जीरो शॉर्टेज लाते रहे हैं ऐसे लोगों को धान खरीदी केंद्र का प्रभारी बनाया जाना शासन के लिए हितकर होता किंतु ऐसे लोगों को किनारे करते हुए धान खरीदी कैसे वंचित किया जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि इसके पहले जब भी धान खरीदी केंद्र का प्रभारी बनाया जाता रहा है उसमें जिला पंजीयन, नोडल अधिकारी का संयुक्त हस्ताक्षर हुआ होता रहा है परंतु इस बार नए पदस्थ नोडल अधिकारी को मोहरा बनाते हुए तथा कथित अधिकारियों द्वारा सूची जारी करने का आदेश दिया गया जो दबाव में आकर नोडल अधिकारी द्वारा प्रभारी अधिकारियों की सूची जारी कर दी गई है। वर्तमान में इन कंप्यूटर ऑपरेटर को धान खरीदी केंद्र का प्रभारी बनाया गया है इसमें एक दलाल के माध्यम से राशि संबंधित अधिकारियों को दिया गया है जो सहकारिता विभाग में अपनी पैठ दिखाते हुए इस कार्य को अंजाम देने में अहम भूमिका अदा किये है। जो प्रभारी से राशि वसूल कर तथा कथित अधिकारियों में बांटने की भूमिका निभा रहे हैं।

इस बात को सभी जानते हैं कि कई समितियो की हालत ऐसी है जो अपने कर्मचारियों के वेतन तक नहीं दे पा रही है ऐसे में नए प्रभारी बनाए जाने से इन समितियो की हालत और भी दयनीय हो जाएगी। क्योंकि जिस तरह से शासन द्वारा सुखद की व्यवस्था की गई है इससे कई धान खरीदी केंद्र प्रभारी का नौकरी दांव में लग गया है क्योंकि धान का उठाव समय पर नहीं होने से धान का सुखद आना निश्चित है जिसका भरपाई धान खरीदी केंद्र प्रभारी के द्वारा किया जाना मुश्किल जान पड़ता है।

ऐसे में कई धान खरीदी केंद्र प्रभारियों को जेल भी जाना पड़ सकता है। बताया जाता है कि इस मामले में कुछ चतुर सुजान व्यक्ति जो इन दिनों अधिकारियों का दलाली कर रहे हैं के द्वारा अपने लोगों को धान खरीदी करने से वंचित रखा गया है जो इस वर्ष उन्हें धान खरीदी केंद्र प्रभारी से हटाकर पृथक कर दिए हैं जिससे यह प्रतीत होता है कि आने वाले समय में धान खरीदी केंद्र प्रभारियों पर कई तरह की मुश्किलें आ सकती है। जिसके लिए उन्हें प्रभारी बनाने के लिए उनसे मोटी रकम की उगाही की गई है वहीं आने वाली मुसीबत से उभरने के लिए भी मोटी रकम की वसूली की जा सकती है जिसके लिए उन्हे ब्लैकमेल होना पड़ सकता है। जिला प्रशासन को चाहिए कि धान खरीदी प्रभारी बनाए जाने वाले मामले की एक उच्च स्तरीय जांच कमेटी बनाई जाए,ताकि इस मामले में हुई लेनदेन से पर्दा उठ सके।

## भारत के संविधान की रक्षा करने की शपथ ली

**अकलतरा।** नगर कांग्रेस कमेटी ने संविधान दिवस पर नगर के अंबेडकर चौक स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम में मंजू सिंह ने कहा कि 26 नवंबर 1949 को संविधान का निर्माण होने के बाद 26 जनवरी 1950 को देश में संविधान को लागू किया था। प्रतिवर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश्वर टंडन ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने संविधान का निर्माण कर देश के लोगों को समानता का अधिकार दिया है। संविधान की रक्षा करना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। खुलन सोनवानी ने कहा कि सामाजिक न्याय मंत्रालय ने 26 नवंबर 2015 से देश में संविधान दिवस की शुरुआत की।

## ग्रामीणजनों ने प्रशासन को बतायी समस्याएं

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर आकाश छिकारा ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में सभी जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से लोगों की शिकायतों और परेशानी को जाना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का तुरंत निराकरण करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में 121 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

जनदर्शन में तहसील अकलतरा के भंवतरा निवासी संतोषी कैवर्त्य ने नया राशन कार्ड बनवाने, तहसील पामगढ़ निवासी राजेन्द्र यादव ने पीएम आवास दिलाने, कोसला निवासी गौरी बाई पटेल ने पट्टा दिलाने, तहसील जांजगीर के पेंड्री निवासी परवती ने पीएम आवास दिलाने, विकासखंड नवागढ़ के भड़ेसर निवासी छतराम यादव ने अंत्योदय कार्ड बनवाने संबंधी आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर छिकारा ने प्राप्त सभी आवेदनों का संबंधित अधिकारियों द्वारा आवश्यक कार्रवाई करते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

**अनदेखी से बढ़ी मनमानीः**

## साढ़े 10 लाख रु. का नुकसान, एनएच के सब इंजीनियर ने दर्ज कराया मामला

रायगढ़। अमलीभौना में अवैध प्लाटिंग करने वाले भूमाफिया राष्ट्रीय राजमार्ग को भी नहीं बख्श रहे हैं। रेंगालपाली-बिलासपुर नेशनल हाईवे के शोल्डर में कराई गई की पीचिंग को खोद कर 10 लाख 51 हजार रुपए का नुकसान पहुंचाया। एनएच के सब इंजीनियर ने मौके पर काम कर रहे लोगों के खिलाफ एफआईआर कराई है। लेकिन भूमाफिया के प्रभाव के कारण कार्रवाई नहीं हुई है। एनएच से लगी जमीन तक रास्ता और बाउंड्री बनाने के लिए शोल्डर खोद दिया गय है। इसी राजमार्ग पर पटवारी, आरआई ने भूमाफिया के साथ मिलकर मुआवजे के नाम पर करोड़ों रुपए की गड़बड़ी की है। जूटमिल थाने में एनएच के सबडिविजन ऑफिस की ओर से एफआईआर कराई गई है। भूमाफिया पर राजस्व विभाग के साथ ही पुलिस भी सख्ती नहीं करती इससे अवैध प्लाटिंग, सरकारी जमीन पर अतिक्रमण के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। एनएच के शोल्डर के बड़े हिस्से पर निर्माण के लिए खुदाई की शिकायत के बाद एनएच के अफसरों ने 4 अक्टूबर को थाने को पत्र लिखा था। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 49 अमलीभौना में 50 मीटर लंबाई में कांक्रीट पिच को कुछ लोगों द्वारा बिना अनुमति काटे जाने की बात लिखी गई थी।

# रबी फसल के लिए आगामी महीनों में सिंचाई विभाग देगा दांयी तट नहर से पानी

**जांजगीर-चांपा।** खरीफ फसल की कटाई के साथ ही रबी की तैयारी शुरू हो गई है, लेकिन इस साल भी बांगो बांध से चांपा, सक्ती, डभरा क्षेत्र के किसानों को पानी नहीं मिलेगा। दाईं तट नहर शाखा में पानी की सप्लाई होगी। इससे अकलतरा, जांजगीर, पामगढ़ क्षेत्र के किसान धान की दूसरी फसल ले सकेंगे। कलेक्ट्रेट में हुई जिला उपयोगिता समिति की बैठक में कई फैसले लिए गए। जांजगीर में बाईं व दाईं तट शाखा से खेती के लिए पानी मिलता है। बैठक में निर्णय लिया गया कि नहर की दाईं नहर तट शाखा में पानी की सप्लाई 1 जनवरी से 30 अप्रैल तक दिया जाएगा। बाईं तट नहर शाखा में लाइनिंग का कार्य शुरू होगा। हालांकि अफसरों ने बैठक में जिला उपयोगिता के सदस्यों को अगले साल से रबी फसल के लिए पानी की सप्लाई देने का आश्वासन दिया है।



सदस्यों ने कहा कि सिंचाई विभाग जल कर की वसूली फिर शुरू करें और उससे नहर की मरम्मत कराएं, ताकि डैम का पानी टेल एरिया तक आसानी से पहुंच सके। उन्होंने कहा कि समिति की बैठक साल में दो बार हो। इस बात पर भी जोर दिया कि 30 अप्रैल के बाद नहर में पानी की सप्लाई हर हाल में रोक दी जाए। ताकि निस्तारी के लिए किसी प्रकार का जल संकट पैदा होने से बचा जा सके। हसदेव बांगो बांध में अभी गरीब 74 प्रतिशत से अधिक पानी का भराव है। इस बार खरीफ फसल के लिए नवंबर के अंतिम सप्ताह तक पानी दिया गया।

बांगो बांध में रबी फसल के लिए सिंचाई की क्षमता डेढ़ लाख हेक्टेयर है। लेकिन शासन स्तर से इस बार 52 हजार हेक्टेयर में ही सिंचाई के लिए पानी देने का निर्णय लिया गया है। पिछले साल बाईं तट नहर से रबी के लिए पानी नहीं दिया गया था। इस बार भी मरम्मत के नाम पर पानी की सप्लाई पर रोक लगा दी गई है। इस क्षेत्र के किसानों को दलहन और तिलहन की फसल लेने प्रेरित करेगा। इस बार दलहन के लिए 12530 और तिलहन के लिए 12100 हेक्टेयर में खेती का लक्ष्य दिया है।

**किसान दलहन और तिलहन की फसल के लिए प्रेरित होंगे**

दाईं तट नहर शाखा की नहीं हो पाएगी मरम्मत पानी छोड़ने के फैसले से दाईं तट नहर शाखा की मरम्मत इस बार अप्रैल तक नहीं हो पाएगी। उसके बाद रिपेयरिंग के लिए एक-डेढ़ महीने का समय मिलेगा। ऐसे में इस बार नहर की मरम्मत नहीं होने आशंका ज्यादा है। टूटी-फूटी नहरों से फिर पानी की सप्लाई होने से टेल एरिया तक पानी पहुंचने की संभावना कम ही है। पंतोरा में चार करोड़ रुपए का टेंडर विवादों में पड़ा हसदेव बांगो बांध की पंतोरा नहर संभाग में नहर लाइनिंग के लिए 4 करोड़ रुपए का टेंडर विवादों में है। ठेका कंपनी ज्योति इलेक्ट्रॉनिक के खिलाफ तथ्य छिपाने के मामले में चीफ इंजीनियर जांच कर रहे हैं। अगर टेंडर निरस्त होता है तो काम शुरू होने में समय लग सकता है। इसी तरह जांजगीर में भी 9 करोड़ का काम अभी पूरा नहीं हुआ है।

## संविधान निर्माताओं के योगदान को किया याद

**तुस्मा।** तहसील कार्यालय शिवरीनारायण में संविधान दिवस पर डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर स्मरण किया गया। तहसीलदार अविनाश चौहान भारत के संविधान के सिद्धांतों और आदर्शों से प्रेरणा लेने की बात कही। तहसील अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जितेन्द्र तिवारी द्वारा भारत के संविधान के उद्देशिका का वाचन कर शपथ दिलाई गई। तहसील अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जितेन्द्र तिवारी ने कहा कि संविधान दिवस के इस पावन अवसर पर हम सभी को चाहिए कि अपने स्वतंत्रता आंदोलन के आदर्शों और संविधान निर्माताओं की आशाओं और अपेक्षाओं का श्रद्धापूर्वक याद करें और पूरा करने का संकल्प लें। इस अवसर नायब तहसीलदार संजय बरेठ, रामनिवास शुक्ला, गजेन्द्र बंजारे, एमआर कश्यप, देव प्रसाद साहू, आदि मौजूद रहे।

## पीएचसी में चिकित्सा संसाधन बढ़ाने की जतायी जरूरत

**गोधना।** आदर्श ग्राम गोधना में उप स्वास्थ्य केंद्र बना है, लेकिन भवन का अभाव है। उप स्वास्थ्य केंद्र में अभी दो कमरे हैं। यहां केवल डिलीवरी(प्रसव) की ही सुविधा है। सर्दी, बुखार, जुकाम पीड़ित मरीजों के इलाज के लिए कोई कक्ष नहीं है। मरीजों के बैठने की व्यवस्था भी नहीं है।

ग्राम गोधना के आरएचओ उषा रानी मिस्त्री ने बताया कि मरीज का इलाज बदहाल भवन में ही किया जा रहा है। उप स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति ऐसी है कि वहां मरीजों के लिए शौचालय तक नहीं है। इससे भी मरीज को परेशानी उठानी पड़ती है। दो कमरे के नवनिर्मित भवन में केवल प्रसव का काम हो पाता है।

इसमें अभी तर्का बजली सप्लाई के लिए वायरिंग की व्यवस्था भी नहीं हो पाई है। वर्तमान में जुगाड़ से बिजली की व्यवस्था करके मरीजों का इलाज किया जा रहा है। वहीं ग्राम पंचायत द्वारा भी आज तक अस्पताल के लिए कोई प्रस्ताव नहीं लाया गया है। डॉग बाइट के मामले में ग्रामीणों को एंटी रेबीज इंजेक्शन के लिए राछा भाठा और जांजगीर के स्वास्थ्य केंद्र में जाना पड़ता है।

## 76 हजार निवेशकों की उनकी रकम लौटाने की तैयारी

**जांजगीर।** जिले में एक चिटफंड कंपनी की संपत्ति की नीलामी की गई है। नीलामी से मिले रुपए को ठगी में शिकार लोगों को लौटाया जाएगा। इसके लिए पामगढ़ तहसील अंतर्गत कंपनी में निवेश किए लोगों को जानकारी मंगाई है। लंबे समय बाद जिले में एक और चिटफंड कंपनी की संपत्ति को नीलाम उसमें से मिली राशि को जल्द से जल्द निवेशकों को लौटाया जाएगा।

जिले में बड़ी संख्या में लोग चिटफंड कंपनियों के शिकार हुए हैं। कंपनी के संचालकों ने उन्हें दो से तीन गुना रकम दिलाने वादा कर लूट लिया है। जिले में करीब-करीब 76 हजार 215 निवेशकों ने 223 चिटफंड कंपनियों में 2 अरब 17 करोड़ 40 लाख 70027 रुपए निवेश किए हैं। इनमें से मात्र एक कंपनी की संपत्ति नीलाम कर निवेशकों को 45 लाख रुपए ही लौटाया है, जबकि अन्य निवेशकों को फूटी कौड़ी तक नहीं मिली है। अब पामगढ़ तहसील में चिटफंड कंपनी प्रतिष्ठा इंफाकॉन इंडिया लिमिटेड के संचालक की संपत्ति नीलाम की गई है। नीलामी की प्रक्रिया से प्राप्त राशि चिटफंड कंपनी प्रतिष्ठा इंफाकान इंडिया लिमिटेड में निवेश किये गए व्यक्तियों को रुपए वापस किया जाएगा। चिटफंड कंपनी में तहसील पामगढ़ अंतर्गत निवेश किए गए व्यक्तियों से 3 दिवस के भीतर प्रतिष्ठा इंफाकान का बॉण्ड पेपर/पासबुक की मूल प्रति, जमा किए राशि के रशीद की मूल प्रति, बैंक पासबुक की फोटोकॉपी जमा करने के लिए कहा गया है।

जमा पूंजी पाने पीडितों ने लंबे समय तक किया प्रदर्शन चिटफंड कंपनी से ठगे गए पीड़ित लोगों से जिले में लंबे समय तक विरोध-प्रदर्शन किया था। पूर्व में जिले में विनायक होम्स रियल स्टेट लिमिटेड की संपत्ति नीलाम कर निवेशकों को 45 लाख रुपए ही लौटाया गया। इसके बाद से अन्य कंपनियों की संपत्ति की नीलामी प्रक्रिया अटकी हुई है।

गरीब, कम पढ़े-लिखे और बुजुर्ग समेत सभी वर्ग के लोग फंसे थे साल 2012 से पहले जिले के गांवों में चिटफंड कंपनियों ने एजेंटों के माध्यम से अपना ऐसा मकड़जाल फैलाया कि बहुत कम ही उनकी गिरफ्त से बच सके। शायद ही जिले में कोई गांव हो जहां ग्रामीणों के पैसे न डूबे हों। असल में चिटफंड कंपनियों ने गांव के गांव लूट लिए। गरीब, कम पढ़े-लिखे और बुजुर्ग ही नहीं महिलाएं इनके लिए आसान शिकार रहे।

# नहीं काम कर रही मशीनरी, लोगों को आखिर कैसे मिले पानी



**गोधना।** नवागढ़ विकासखंड के अंतर्गत कुरियारी में हैंडपंप और बोर मशीन की स्थिति बेहद खराब है। इस गांव में कई जगह के हैंडपंप और सामाजिक उपयोग के लिए लगाई गई बोर मशीन खराब पड़ी हुई है, वहीं जिम्मेदार अधिकारी भी इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

वर्तमान दिनों में किसानों को खेती किसानी के काम में व्यस्त हैं और बोर मशीन एवं हैंड पंप बिगड़ने से महिलाओं को पानी भरने में दिक्कत हो रही है। इस कारण उनके खेती के कार्य भी पीछे रहे हैं। पिछले 15 दिनों से हैंडपंप एवं बोर मशीन खराब है, फिर भी ग्राम सरपंच और पंच इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। ग्राम के नकुल तिवारी ने बताया कि गुड़ीपारा में स्थित हैंड पंप के ऊपरी पार्ट्स को निकाल कर छोड़ दिया है। बोरिंग मिस्त्री इस पर बोर मशीन लगाने की बात कह कर ऊपरी पार्ट्स को निकाला है और उसे वैसे ही हाल में छोड़ दिया है जिससे पानी की समस्या लोगों में बनी हुई है। वहीं ग्राम कुरियारी के सतनाम चौक में स्थित सामाजिक बोर मशीन एक महीना से बिगड़े पड़ा हुआ है जिससे महिलाओं को पानी भरने में दिक्कतें हो रही हैं। समस्या का सुध बुध लेने वाला कोई नहीं है।

## मंदिरों की शिल्पकला को जानने के साथ इतिहास की जानकारी की ली

**मालखरौदा।** सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकेंडरी विद्यालय रबेली-सीपत में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं, पालक, आचार्यों के साथ ही विद्यालय के व्यवस्थापक ने शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान खल्लारी, बागबाहरा, सिरपुर के चंडी माता और लक्ष्मणेश्वर मंदिर सहित अन्य धार्मिक स्थलों का दर्शन कराया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को इन स्थानों के महत्व व इतिहास के बारे में जानकारी दी गई। समिति के भूतपूर्व व वर्तमान व्यवस्थापक के साथ छात्र-छात्राएं, पालकों व विद्यालय के आचार्य-प्राधानाचार्य ने इस शैक्षणिक भ्रमण का आनंद उठाया।

## रासेयो स्वयंसेवकों ने पढ़ी संविधान की प्रस्तावना

**रिगनी-खरौद।** शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ से सम्बद्ध वंदे मातरम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, खरौद के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने संविधान दिवस मनाया। सर्वप्रथम एसएल आदित्य संरक्षक ने सभी स्वयं सेवकों को संविधान के महत्व को समझाया। 26 नवंबर संविधान दिवस पर दिनेश शर्मा सहायक कार्यक्रम अधिकारी के कुशल मार्गदर्शन में सौरभ आदित्य संचालक, बीपी कश्यप प्राचार्य, प्रतिभा यादव रासेयो सदस्य, एसके बर्मन और राजू दिव्य ने संविधान प्रस्तावना को पढ़ा।

## राज्य स्तरीय कबड्डी ग्राम पंचायत गंगाजल में आज से, पहला पुरस्कार 20 हजार रुपए

**रिगनी / खरौद।** ग्राम पंचायत गंगाजल में छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता 27 नवंबर से 29 नवंबर चलेगी। पुरुष वर्ग की प्रतियोगिता हायर सेकेंडरी स्कूल गंगाजल में होगी। प्रवेश शुल्क 251 रुपए रखा गया है। प्रथम पुरस्कार 20001, द्वितीय पुरस्कार 15001, तृतीय पुरस्कार 10001, व चतुर्थ पुरस्कार 7001 रुपए रखा गया है।

## खरसिया से छाल तक 12.6 किमी सड़क अधूरी से लोग परेशान, ठेकेदार पर कार्रवाई नहीं

**रायगढ़।** खरसिया-पत्थलगांव 91 किमी सड़क निर्माण का काम 2022 में शुरू हुआ। काम जून 2024 तक पूरा होना था, लेकिन खरसिया से छाल तक 12.6 किलोमीटर लंबी सड़क जी का जंजाल बनी हुई है। यहां छाल कोयला खदान के नजदीक इस सड़क से सैकड़ों भारी वाहन निकलते हैं। गड्ढे और धूल से लोग बेहाल हैं। ठेकेदार ने सालभर से खरसिया-छाल के बीच काम रोक कर रखा है। डामर की सड़क को कभी सीसी रोड बनाने की अनुमति मांग रहा है। कभी ट्रैफिक ज्यादा होने के कारण दिक्कतों की बात कहकर पूरे काम में से छाल-खरसिया के बीच के हिस्से का काम हटाने (डिस्कोप) करने की मांग पर पत्र लिख रहा है। पिछले हफ्ते ठेका कम्पनी श्रीजी कंस्ट्रक्शन ने पांचवां पत्र लिखा है। पीडब्ल्यूडी मजबूरी के कारण ठेका कम्पनी पर कार्रवाई नहीं कर पा रहा है।

## स्वच्छता का वातावरण बनाने के लिए रासेयो के छात्रों ने काम किया



**घरघोड़ा।** डॉ. भंवर सिंह पोर्ते महाविद्यालय घरघोड़ा में अध्यक्ष साशी निकाय अरुण कुमार पंडा के संरक्षण में प्राचार्य डॉ. जगदीश तिर्की के मार्गदर्शन कार्यक्रम अधिकारी एसएल साहू के नेतृत्व में शासन के निर्देशानुसार स्वच्छ भारत अभियान के तहत नियमित गतिविधि में डॉ. भंवर सिंह पोर्ते महाविद्यालय घरघोड़ा में महाविद्यालय परिसर एवं गुलाब गार्डन में स्वच्छता अभियान चलाया गया। रासेयो के स्वयं सेवकों व अन्य छात्र-छात्राओं ने सभी छात्र एक जुट होकर महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ कर स्वच्छता का संदेश दिए। इस कार्यक्रम में सभी महाविद्यालयीन स्टॉफ का योगदान सराहनीय रहा। समिति के सदस्य विजय कुमार डनसेना ने सभी स्वयं सेवकों का उत्साह वर्धन किया।उन्होंने कहा रासेयो छात्रों में हम की भावना को जागृत करता है और सभी एकजुट होकर कार्य को अंजाम देते हैं। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ स्वयं सेवकों में बोधराम चौहान, अलौकिक, गणेश, अनिल, पंचकुमार, ललिता, ईश्वरी, मिनी, अलखेन आदि एवं कनिष्ठ स्वयं सेवकों में बजरंग, हीरामती, चंद्रभानु, बिंदिया, मिथिला, सुरजना, मंजू, ऐश्वर्या डोलेराम आदि की उपस्थिति व सहयोग सराहनीय रहा।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मनेन्द्रगढ़,
जिला-मनेन्द्रगढ़-चिरिमिरी-भरतपुर (छ.ग.)
(श्री योगेश कुमार अग्रवाल प्रति छ.ग.शासन)

//ईश्तहार//

रा.प्र.क्र...../अ-2/2023-24

ग्राम/नगर मनेन्द्रगढ़ की जनता को सूचित किया जाता है आवेदक श्री योगेश कुमार अग्रवाल पिता, निवासी-ग्राम वार्ड नं.07 जे.के.डी. रोड मनेन्द्रगढ़, तहसील-मनेन्द्रगढ़, जिला-एम.सी.बी. (छ.ग.) द्वारा छ.ग.भू.रा. संहिता की धारा 172 के तहत प.ह.नं. 14, ग्राम मनेन्द्रगढ़ में स्थित भूमि खसरा नं. 302/8 रकबा 0.0270 हे. भूमि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्जशुदा एवं कब्जेदार भूमिस्वामी है। आवेदित भूमि आवासीय व्यपवर्तित भूमि है। आवेदक उक्त भूमि का व्यवसायिक प्रयोजन हेतु भूमि परिवर्तन का आवेदन पत्र मय बी-वन, खसरा नक्शा, रजिस्ट्री एवं पटवार नजरी नक्शा एवं नगर पालिका परिषद् मनेन्द्रगढ़ के अनापत्ति प्रमाण पत्र के साथ प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भू-व्यपवर्तन के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना है तो दिनांक 06.12.2024 तक पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त किसी भी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा स्वीकार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा द्वारा जारी किया गया।

सील
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मनेन्द्रगढ़, जिला-एम.सी.बी. (छ.ग.)

## अनमोल वचन......

फिर से प्रयास करने से कभी मत घबराना क्योंकि, इस बार शुरुआत शून्य से नहीं अनुभव से होगी!

# स्माग का खतरनाक रूप

*भारत अब दुनिया प्रति वर्ष सबसे ज्यादा कार्बन उत्सर्जन करने वाला देश बन गया है। भारत का उत्सर्जन चीन की तुलना में 22 गुना तेजी से बढ़ रहा है। इस वर्ष भारत के उत्सर्जन में 4.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी का अनुमान लगाया गया है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सहित देश के कई इलाकों में स्मागने खतरनाक रूप अपना रखा है। अब यह हर साल की कहानी हो गई है- इस सीजन में धुंध और हवा में मौजूद प्रदूषक तत्वों से बना स्मॉग वातावरण पर छा जाता है।जब यह हो जाता (या होने लगता) है, तब सरकारें और न्यायपालिका सब सक्रिय होती हैं। जब माहौल गुजर जाता है, तो सब भूल जाते हैं। इस सीजन में खासकर पंजाब के किसानों को खूब कोसा जाता है।उनके पराली जलाने को राजधानी वासियों की मुसीबत का मुख्य कारण बताकर समस्या की असल वजहों को चर्चा से बाहर रखने में कामयाबी पा ली जाती है। मगर अजरबैजान के बाकू में चल रहे संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन के मौके पर जारी दो रिपोर्टों पर ध्यान दीजिए। एक रिपोर्ट ग्लोबल कार्बन बजट प्रोजेक्ट नाम की संस्था है और दूसरी अमेरिका के ऊर्जा सूचना प्रशासन (ईआईए) की।दोनों में शामिल आंकड़ों का निष्कर्ष है कि भारत अब दुनिया प्रति वर्ष सबसे ज्यादा कार्बन उत्सर्जन करने वाला देश बन गया है। भारत का उत्सर्जन चीन की तुलना में 22 गुना तेजी से बढ़ रहा है। इस वर्ष भारत के उत्सर्जन में 4.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी का अनुमान लगाया गया है। चीन में वृद्धि महज 0.2 प्रतिशत रहेगी, जबकि अमेरिका में 0.6 प्रतिशत की गिरावट आएगी। पूरे विश्व के उत्सर्जन में 1.1 फीसदी बढ़ोतरी होगी। सकल घरेलू उत्पाद की तुलना में भारत में बढ़ोतरी 6.5 प्रतिशत और चीन में 4.5 प्रतिशत रहेगी। भारत में इस साल पेट्रोलियम की मांग 280 प्रतिशत बढने का अनुमान है। चीन के लिए यह आंकड़ा 90 प्रतिशत और अमेरिका के लिए 40 प्रतिशत है।*

*तात्पर्य यह कि भारत में जलवायु का बिना कोई ख्याल किए कार्बन उत्सर्जन को अनियंत्रित बनाए रखा जा रहा है। पिछले दस साल में पर्यावरण मानदंडों के पालन संबंधी नियमों में जिस तेजी से ढील दी गई है, उस पर गौर करें, तो ये बात और साफ हो जाती है। स्पष्टतः अपने देश में यह समझ बनाने का कोई प्रयास नहीं है कि पर्यावरण रक्षा अपने लिए है, ना कि यह दुनिया पर कोई एहसान है।*

## राशिफल

**मेष राशि :** आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। आपको आर्थिक रूप से अपने सगे संबंधियों की मदद मिलेगी। साथ ही लेन-देन के मामलों में.. आपको सावधानी बरतने की जरुरत है। करियर में भी आपको अपने गुरु का सहयोग प्राप्त होगा.. आप जीवन में आगे बढ़ेंगे। आपका कॉन्फिडेंस आपको सक्सेस दिलाएगा।

**वृष राशि :** आज आपका दिन उल्लास से भरा रहने वाला है। बिजनेस के किसी काम से आपको यात्रा करनी पड़ सकती है। आपका काम अच्छे से पूरा होगा। आज आप कुछ मौज मस्ती के मूड में भी रहेंगे 7 रोजमर्रा की जिंदगी में कुछ नयापन आ सकता है। इस राशि के बच्चों को उनके शिक्षकों से तारीफ मिलेगी।

**मिथुन राशि :** आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। नौकरी कर रहे लोगों के लिए आज का दिन लाभकारी है, उन्हें काम से जुड़ी कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी। सही योजना के तहत आप अपने करियर में बदलाव लाने में सफल होंगे। आपका खुशनुमा व्यवहार सबको प्रभावित करेगा।

**कर्क राशि :** आज आपका दिन बेहतर साबित हो सकता है। आज नौकरी करने वाले लोगों की तनख्वाह में बढ़ोतरी होने की भी संभावना है। प्रॉपर्टी से जुडी समस्याओं के लिए... भागदौड़ के उपरांत काम बन जायेगा। सगे सम्बन्धियों से अच्छे तालमेल बनेंगे। आज किसी जरूरतमंद की सहायता करने का मौका मिलेगा।

**सिंह राशिः** आज का दिन व्यस्तता से भरा रहने वाला। मसालेदार खाना खाने से आपकी सेहत में उतार चढ़ाव होगा। आज आपके बड़े भाई आपसे किसी विषय पर चर्चा करेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों का आज कोई विरोध कर सकता है। जमीन जायदाद लेने के सिलसिले में आपको भागदौड़ करनी पड़ सकती है।

**कन्या राशि :** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण रहेगा। दाम्पत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बेहतर बना रहेगा। सेहत के लिहाज से आप चुस्त-दुरूस्त रहेंगे। विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा।

**तुला राशि :** आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशिया लाया है। वैवाहिक जीवन में मधुरता बढ़ेगी। आज राह चलते किसी अनजान व्यक्ति से बेवजह विवाद से बचें। संयम रखने से रुकी योजनायें सफल होंगी 7 इस राशि के व्यापारियों को आज अच्छा लाभ होगा। आज किसी उलझन से बहार निकलने में दोस्त की मदद मिलेगी।

**वृश्चिक राशि :** आज आपका दिन अनुकूल रहने वाला है। संतान के साथ रिश्ते में मजबूती आयेगी। आज आपको पैतृक सम्पति मिल सकती है। पुराने स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या से आपको छुटकारा मिलेगा। आज आपके सभी काम आसानी से पूरे होंगे। कॉमर्स फील्ड के छात्रों को आज कुछ नया सीखने को मिलेगा... आपका ज्ञान बढेगा।

**धनु राशि :** आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज आप दूसरों की हरसंभव मदद करेंगे। पारिवारिक जीवन में ताल मेल बना रहेगा। आज के दिन परिवार के साथ बाहर डिनर करने का प्लान बनायेंगे। आज आप अपनी डेली रूटीन में बुक पढ़ने की हैबिट डाल सकते है। साहित्य के क्षेत्र में आपका रुझान हो सकता है।

**मकर राशि :** आज आप अपने दिन की शुरुआत शांत मन से करेंगे। आपके धन-धान्य में वृद्धि होगी। दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग करें। आज आपको फिजूल की बातों में पड़ने से बचना चाहिए। आपकी सेहत में कुछ उतार- चढ़ाव बना रहेगा। तली-भुनी चीजें खाने से आपको बचना चाहिए। आपके कुछ खास काम में आज रूकावट आ सकती है, लेकिन शाम तक काम पूरा हो जायेगा।

**कुंभ राशि :** आज आपकी दिनचर्या अच्छी रहेगी। आज आपके अंदर पोजिटीविटी बनी रहेगी, जिससे आपका मन...काम करने में लगा रहेगा 7 आपकी भौतिक सुख सुविधाएँ बनी रहेंगी। ऑनलाइन बिजनेस कर रही महिलाओं की इनकम में इजाफा होगा। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करने के लिए आगे आयेंगे। इवेंट मनेजमेंट की पढाई कर रहे स्टूडेंट आज कुछ क्रिएटिव कर सकते हैं।

**मीन राशि :** आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। स्वास्थ का ध्यान रखें, किसी भी समस्या को नजरअंदाज न करें। समाज सेवा से जुड़े लोगों का समाज में प्रभाव बढेगा, लोगों का सहयोग मिलेगा। आज के दिन अपनी वाणी पर संयम बना के रखें, किसी के मामले में न पड़ें। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। परिवार के साथ प्रेम बढेगा। लेखन के क्षेत्र से जुड़े लोगों को कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी।

# विध्वंसकारी हथियारों की बढ़ती उपलब्धि अधिक विनाशक

//भारत डोगरा//

**निरंतर अधिक विध्वंसकारी हथियारों की बढ़ती उपलब्धि के कारण हिंसा की प्रवृत्तियां अधिक विनाशक रूप ले रही हैं। छोटे-बड़े विभिन्न तरह के विनाशकारी हथियारों के तेज प्रसार में विश्व के हथियार उद्योग की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। यह एक मोटे मुनाफे का उद्योग है जिसमें भ्रष्टाचार या अन्य उपायों से राजनीति को प्रभावित करने की भारी क्षमता है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल ने विभिन्न उद्योगों की इस आधार पर रैंकिंग की थी कि सबसे अधिक रित कौन सा उद्योग देता है। इसमें हथियार उद्योग को दूसरा स्थान मिला। अमेरिकी वाणिज्य विभाग द्वारा जनरल एकाउंटिंग ऑफिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार विश्व के सब तरह के व्यापार में 50 प्रतिशत रित देने के मामले हथियार के व्यापार से जुड़े होते हैं। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की रिपोर्ट ने अनुमान प्रस्तुत किया है कि जितने मूल्य का सौदा होता है, उसका कम से कम 10 प्रतिशत तो रित में जाता है। यह 10 प्रतिशत भी अरबों डॉलर का मामला है।**

हथियारों की बिक्री से जुड़े भ्रष्टाचार की बड़ी राशि प्रायः चोरी-छिपे विदेशी खातों में जमा की जाती थी, पर इसका खुलासा हो जाने के डर के कारण अब इसमें बदलाव आ रहा है, और ऐसे उपाय खोजे गए हैं, जिनसे इस भ्रष्टाचार को दबाना और सुनिश्चित हो सके। टैंक, बड़ी तोपों, लड़ाकू जहाज, पनडुब्बी आदि के कारोबार में बहुत साधन-संपन्न बहुराष्ट्रीय कंपनियां लगी हैं, जिनकी पहुंच सीधी सत्ता के गलियारों में है। ये कंपनियां सत्ताधारियों को इस तरह प्रभावित करती हैं कि अरबों डॉलर के उनके सौदे होते रहें, फिर चाहे इस कारण विश्व का वर्तमान और भविष्य अत्यधिक असुरक्षित ही क्यों न हो जाए। इन कंपनियों और इनके दलालों के असर के कारण निशस्त्रीकरण के वे प्रयास आगे नहीं बढ़ पाते हैं जिनकी विश्व को बहुत जरूरत है। विश्व के अधिकांश जनसाधारण एक दूसरे से अमन-शांति से रह सकते हैं, पर हथियारों से जुड़े निहित स्वार्थ और इनके गठजोड़ के राजनीतिज्ञ ऐसी असुरक्षा फैलाते हैं कि जिसमें महंगे हथियार बहुत जरूरी प्रतीत होते हैं।विश्व के सबसे विनाशकारी हथियारों को नियंत्रित करने के अंतरराष्ट्रीय समझौते आगे बढने के स्थान पर पीछे जा रहे हैं यानी इनका असर पहले से और कम हो रहा है। दूसरी ओर, तरह-तरह के छोटे और हल्के हथियारों में भी ऐसे तकनीकी बदलाव आते रहे हैं जिनसे इनकी विनाशक क्षमता बढ़ जाए। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा तैयार की गई %हिंसा एवं स्वास्थ्य पर विश्व रिपोर्ट' के अनुसार, अधिक गोलियों की अधिक तेजी से, अधिक शीघ्रता से और अधिक दूरी तक फायर करने की क्षमता बढ़ी है, और इसके साथ ही इन हथियारों की विनाशकता भी बढ़ी है। एके-47 में तीन सेकंड से भी कम समय में 30 राउंड फायर करने की क्षमता है, और प्रत्येक गोली एक किमी. से भी अधिक की दूरी तक जानलेवा हो सकती है।

एमनेस्टी इंटरनेशनल और ऑक्सफेम ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि किसी भी अन्य हथियार की अपेक्षा छोटे हथियार अधिक लोगों को मारने, घायल करने, विस्थापित करने, उत्पीड़ित करने, अगवा करने और रेप करने के लिए उपयोग होते हैं..इस समय विश्व में लगभग 64 करोड़ छोटे हथियार हैं। लगभग 60 प्रतिशत छोटे हथियार सैन्य और पुलिस दलों से बाहर के क्षेत्र में हैं। केवल सेनाओं के उपयोग के लिए एक वर्ष में 14 अरब गोलियों का उत्पादन किया जाता है-यानी विश्व की कुल आबादी की दोगुनी गोलियों का उत्पादन। अधिक विध्वंसक हथियारों की उपलब्धि ऐसे दौर में बढ़ रही है जब कई कारणों से हिंसक प्रवृत्तियां भी बढ़ रही हैं। इस तरह एक ओर अधिक खतरनाक हथियारों की मांग बढ़ रही है तो दूसरी ओर उनके अधिक वास्तविक उपयोग और इस कारण होने वाले विनाश की आशंका भी बढ़ रही है। हथियारों पर होने वाले बढ़ते खर्च के कारण अनेक देशों में लोगों की बुनियादी जरूरतें पूरी करने की क्षमता कम होती है। अरबों डॉलर के हथियारों के सौदे होते हैं जबकि जनसंख्या का बड़ा हिस्सा साफ पेयजल तक से वंचित रह जाता है या कुपोषण से पीड़ित होता है। दुनिया में विभिन्न स्तरों पर निशस्त्रीकरण के अभियान को तेज करने की जरूरत है ताकि हथियारों और गोला-बारूद की मांग, उत्पादन, उपलब्धि और वास्तविक उपयोग विभिन्न स्तरों पर काम हो सके। विश्व स्तर पर खतरनाक हथियार के विरुद्ध अनेक अभियान हाल के वर्षो में सक्रिय रहे हैं। ऐसे कुछ अभियानों के प्रयासों से विश्व स्तर पर कुछ खतरनाक हथियारों पर प्रतिबंध लगाने वाले समझौते भी हुए हैं। बारूदी सुंरग या लैंडमाइंस बहुत खतरनाक हथियार हैं, जिनके कारण बहुत से निदरेष लोग बहुत दर्दनाक ढंग से घायल होते हैं, और कई बार जीवन भर के लिए अपंगता भी उन्हें सहनी पड़ती है। किसी युद्ध के समाप्त होने के समय बाद भी कई वर्ष तक युद्ध के दौरान बिछाई गई बारूदी सुरंगों के शिकार बच्चों सहित आसपास के अनेक लोग होते रहते हैं। बारूदी सुरंगों पर प्रतिबंध लगाने वाला अंतरराष्ट्रीय समझौता हुआ है। अधिकांश देशों ने इसे स्वीकार किया है, पर कुछ महत्त्वपूर्ण देशों की स्वीकृति मिलनी अभी शेष है। इसके अतिरिक्त कई हिंसक समूह भी अभी तक बारूदी सुरंगों का प्रयोग कर रहे हैं। क्लस्टर बम बहुत खतरनाक हथियार है जिसमें एक ही बड़े बम से बहुत छोटे-छोटे बम दूर-दूर बिखर जाते हैं। ये छोटे बम कुछ तुरंत फटते हैं और कुछ बाद में तथा बहुत दर्दनाक ढंग से घायल करते हैं या मारते हैं। विशेषकर बच्चे बहुत समय तक दर्दनाक ढंग से इनका शिकार होते रहे हैं। क्लस्टर बमों के विरुद्ध भी एक बड़ा अभियान विश्व स्तर पर चला। फलस्वरूप इन्हें प्रतिबंधित करने वाला अंतरराष्ट्रीय समझौता हुआ। यह भी एक महत्त्वपूर्ण सफलता है पर अभी कुछ महत्त्वपूर्ण देशों की इसके लिए स्वीकृति मिलनी शेष है। ब्लाइंडिंग लेसर या अंधापन उत्पन्न करने वाले लेसर पर प्रतिबंध के लिए भी एक अंतरराष्ट्रीय समझौता हुआ है। अब जो आगे सबसे बड़ी चुनौती है वह रोबोटिक्स के सैन्य उपयोग की है। रोबोट के सैन्य उपयोग से बहुत गंभीर खतरे जुड़े हैं जिनमें से एक यह भी है कि ऐसे हथियार नियंत्रण से बाहर हो सकते हैं तथा जो नियोजित हैं, उनसे कहीं अधिक विध्वंस कर सकते हैं। रोबोट आ जाने से बहुत खतरनाक हद तक युद्ध स्वचालित मशीनों के नियंत्रण में जा सकता है। युद्ध से जुड़ा विनाश और अनिश्चय बहुत तेजी से बढ़ सकता है। स्टीफन हॉकिन्स जैसे विश्व के अनेक जाने-माने वैज्ञानिकों ने रोबोटिक्स के सैन्य उपयोग के विरुद्ध बयान जारी कर इन पर प्रतिबंध की मांग की। इस मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर %जानलेवा रोबोट को रोकने का अभियान' सक्रिय है। इस तरह के अभियानों से अधिक लोग जुड़ें तो विश्व में इन अधिक खतरनाक हथियारों को रोकने में सफलता मिलेगी। यह बड़ी जरूरत बन गया है क्योंकि उभरते हुए नये तनावों के कारण विश्व में कई स्तरों पर युद्ध की आशंका बढ़ रही है। वैसे तो युद्ध की आशंका को ही न्यूनतम करने के बुनियादी प्रयास होने चाहिए पर इसके साथ ही अधिक खतरनाक हथियारों के प्रसार को भी रोकना जरूरी है ताकि कहीं युद्ध हो भी तो उसे अधिक विनाशकारी होने से रोका जा सके। सबसे बड़ी और कठिन चुनौती तो परमाणु हथियार के प्रसार और संभावित उपयोग को रोकने की है।

# इमरजेंसी लाइट की तरह रोशनी दिखाता संविधान

**भारतीय संविधान इमरजेंसी लाइट की तरह है। जब कभी हालात का घना अंधेरा देश के सामने उलझन जैसी स्थिति पैदा करते हैं, संविधान खुद-ब-खुद उजाला बन सामने हाजिर हो जाता है। संविधान के अंजोर में देश को सही राह दिख जाती है। आपातकाल जैसे एक-आध अपवादों को छोड़ दें तो पचहत्तर साल से यह संविधान हमारे लिए रोशनी की लकीर बना हुआ है। देश के सामने जब भी भटकाव जैसे हालात होते हैं, संविधान से ही आगे बढ़ने की राह निकल आती है। भारत को स्वाधीनता देने वाले लॉर्ड एटली सरकार के प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान ब्रिटिश संसद में पूर्व प्रधानमंत्री और तत्कालीन विपक्षी नेता विंस्टन चर्चिल ने कहा था कि आजाद होते ही भारत बिखर जाएगा और वहां दुष्टों, बदमाशों और लुटेरों के हाथ चला जाएगा। लेकिन चर्चिल की इस चाहत को स्वाधीन भारत की मनीषा ओर लोकतंत्र ने ध्वस्त कर दिया। दुनिया के विकसित और बड़े माने जाने वाले लोकतंत्रों में भी संवैधानिक व्यवस्था लागू होने या स्वाधीनता के तुरंत बाद समानता के आधार पर वयस्क मतदान का अधिकार नहीं मिला। लेकिन महज 18.33 प्रतिशत साक्षरता वाला देश लोकतंत्र की मजबूत राह पर चल पड़ा। ये सब उपलब्धियां अगर भारतीय लोकतंत्र को हासिल हुई हैं, तो इसकी मजबूत बुनियाद भारतीय संविधान ने रखी। लोकतांत्रिक शासन की बुनियाद पर भारत राष्ट्र की जो मजबूत इमारत खड़ी हुई है, वह मजबूत संवैधानिक बुनियाद के बिना संभव नहीं हो सकता था।**



इसी भारतीय संविधान ने 26 नवंबर के दिन 75 साल की यात्रा पूरी कर ली है। 64 लाख रूपए के कुल खर्च और दो साल 11 महीने 18 दिन तक चली बहसों के बाद इसी दिन 1949 में देश ने भारतीय संविधान को अंगीकृत किया था। इसके ठीक दो महीने बाद यानी 26 जनवरी 1950 को देश ने इसे लागू किया और तब से यह हमारी लोकतांत्रिक राष्ट्र यात्रा की आत्मा, धड़कन, रक्त बना हुआ है। संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष भीमराव अंबेडकर को हमने संविधान के निर्माता के रूप में स्वीकार कर लिया है, लेकिन संविधान के निर्माण में 389 सदस्यों के साथ ही बीएन राव जैसे व्यक्तियों का योगदान कम नहीं रहा। भारत को आजादी देना जब तय हुआ, उसके पहले पंडित नेहरू की अगुआई में एक अंतरिम सरकार बनी। उसी अंतरिम सरकार के मुखिया के नाते जवाहरलाल नेहरू और उप-प्रधानमंत्री सरदार पटेल ने कर्नाटक के जाने माने विधिवेत्ता बेनेगल नरसिम्ह राव यानी बीएन राव को विधि सलाहकार के पद पर नियुक्त करके संविधान का प्रारूप तैयार करने की जिम्मेदारी दे दी थी। मद्रास और कैंब्रिज विश्वविद्यालय से पढ़े राव 1910 में भारतीय सिविल सेवा के लिए चुने गए। साल 1939 में राव को कलकत्ता हाई कोर्ट का न्यायाधीश बनाया गया। इसके बाद जम्मू-कश्मीर के महाराजा हरि सिंह ने 1944 में उन्हें अपना प्रधानमंत्री बनाया। भारत सरकार के संविधान सलाहकार के नाते उन्होंने वर्ष 1945 से 1946 तक अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन आदि की यात्रा की और तमाम देशों के संविधानों का अध्ययन किया। इसके बाद उन्होंने 395 अनुच्छेद वाले संविधान का पहला प्रारूप तैयार करके संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष डा. आंबेडकर को सौंप दिया।29 अगस्त 1947 को प्रारूप समिति की बैठक में कहा गया कि संविधान सलाहकार बीएन राव द्वारा तैयार प्रारूप पर विचार कर उसे संविधान सभा में पारित करने हेतु प्रेषित किया जाए। संविधान सभा में संविधान का अंतिम प्रारूप प्रस्तुत करते हुए 26 नवंबर 1949 को भीमराव आंबेडकर ने जो भाषण दिया था, उसमें उन्होंने संविधान निर्माण का श्रेय बीएन राव को भी दिया है।

भारतीय संविधान की कई विशेषताएं हैं। कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका के साथ ही राज्यों और संघ के बीच शक्तियों के विभाजन का सिद्धांत और नीति निर्देशक तत्व इन विशेषताओं में प्रमुख माने जाते हैं। मूल अधिकारों की व्यवस्था के साथ ही कानून के सामने सभी नागरिकों के बराबर होने की बात भारतीय संविधान की ताकत है। भारतीय संविधान कठोर भी है तो लचीला भी है। आजादी के बाद से लेकर अब तक संविधान में 127 संशोधन हो चुके हैं। कुछ जानकार इसे संविधान की कमजोरी बताते हैं तो कई के अनुसार यह संविधान की ताकत है। इन संशोधनों के बहाने तर्क दिया जाता है कि अपना संविधान जड़ नहीं है।

चाहे अच्छाई का संदर्भ हो या कमजोरी का, पूरी तरह अच्छा या बुरा होने का विचार हकीकत नहीं हो सकता। तर्कशास्त्र, दर्शन शास्त्र और अध्यात्म, तीनों की मान्यता है कि पूर्णता का प्रतीक सिर्फ ईश्वर होता है, विचार या व्यक्ति नहीं। कुछ इसी अंदाज में भारतीय संविधान भी कुछ भारतीय विषयों को सही तरीके से चूक गया है। संविधान सभा की आखिरी बैठक के दिन संविधानसभा के सदस्य महावीर त्यागी ने सवाल पूछा था, 'अपने संविधान में कहां हैं गांधी जी, कहां है गांधी के विचार।' बेशक तब तक गांधी की हत्या हो चुकी थी, लेकिन गांधी के विचारों की तासीर तब तक आज की तुलना में कहीं ज्यादा महसूस की जा रही थी। भारतीय आजादी हर भारतीय के संघर्ष का नतीजा है, लेकिन गांधी की अगुआई, उनकी वैचारिक रोशनी और रचनात्मक कार्यों के बिना आजादी की कल्पना भी बेमानी है। दिलचस्प यह है कि संविधान में महावीर त्यागी को गांधी के इन रूपों के दर्शन नहीं हो पाए। दरअसल गांधी भारतीय संविधान में देश की मूल इकाई गांव को बनाना चाहते थे, व्यक्ति को नहीं। भारतीय परंपरा में व्यक्ति की महत्ता तो है, लेकिन वह सामाजिक प्राणी है। व्यक्ति की सामाजिकता का बेहतर रूप ग्रामीण समाज है। लेकिन गांधी के इस विचार को नेहरू ने ही नहीं, अंबेडकर ने भी नकार दिया। नकारने को लेकर दोनों के शब्द बेशक अलग थे, लेकिन उनका बोध एक ही था। दोनों का मानना था कि सदियों से बजबजा रहे गांव भारतीय लोकतंत्र को राह नहीं दिखा सकते।

संविधान सभा में कई मुद्दों पर सदस्यों के बीच तीखी बहसें हुईं। आज जिसे हम लोकशाही या नौकरशाही कहते हैं, उसके अधिकारों को लेकर भी तीखी बहस हुई। दिलचस्प यह है कि संविधान सभा के कई सदस्यों को ब्यूरोक्रेसी को संवैधानिक अधिकार संपन्न बनाने पर एतराज था। उनका मानना था कि वे वैसा ही काम करेंगी, जैसा अंग्रेजी सरकार के दौरान करती थी। एम ए अयंगार जैसे वरिष्ठ और माननीय सवाल ने नौकरशाही को वेतन और अधिकार की गारंटी देने पर सवाल उठाते हुए पूछा था था कि जब आम आदमी को रोटी और कपड़ा की गारंटी नहीं है, तो उन अधिकारियों को गारंटी क्यों दी जाए, जो विदेशी सत्ता की कठपुतली थी। तब पटेल ने अधिकारियों को ताकत देने का बचाव करते हुए तर्क दिया था कि एक बार अफसरशाही स्थापित हो जाएगी तो अधिकारी बदलाव के लिए राजी हो जाएंगे। लेकिन सवाल यह है कि क्या अधिकारी बदलाव को राजी हुए, क्या वे लोकोन्मुख हुए, क्या उनका व्यवहार पुराने जमींदारों, रजवाड़ों या अंग्रेजों जैसा नहीं है। अपवादों को छोड़ दें तो कितने अधिकारी ऐसे हैं, जो खुद को आम लोगों जैसा मानते हैं और विशेषाधिकार नहीं चाहते । भारत की भाषा समस्या का समुचित समाधान संविधान में नहीं दिखता। देसी होकर भी हिंदी अब भी दक्षिण और पूर्व के कुछ राज्यों के लिए स्वीकार्य नहीं बन पाई है और विदेशी अंग्रेजी इस देश की असल ताकतवर और राजभाषा बनी हुई है। हिंदी की जगह भारतीय भाषाओं की बात करने से हिंदी विरोध की आंच धीमी तो हो जाती है, लेकिन अंग्रेजी की ताकत नहीं घटती। अंबेडकर चाहते थे कि संस्कृत राजभाषा हो, लेकिन नेहरू के दबदबे के चलते अपनी राय को मजबूती से रख नहीं पाए। सोचिए, अगर भारत में व्यक्ति की जगह गांवों को राज्य की इकाई माना गया होता तो क्या होता। संवैधानिक उपबंधों के चलते गांव हमारे विकास प्रक्रिया और शासन की इकाई होते। तब आज का भारतीय परिदृश्य बदला हुआ होता। भारतीयता की सोंधी गमक के साथ अंदरूनी पलायन और बेरोजगारी जैसी समस्याएं काबू में रहतीं।

## तस्वीरों की दुनिया




संविधान सदन में भारत के संविधान के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला।



पटना में शीतकालीन सत्र के दौरान बिहार विधानसभा के बाहर कांग्रेस विधायकों ने किया प्रदर्शन।



तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और उपमुख्यमंत्री टी. मल्लू भट्टी ने नई दिल्ली में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी से मुलाकात की।



आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने नई दिल्ली में केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मुलाकात की।



चेन्नई के बाहरी इलाके में महाबलीपुरम के पास नेम्मेली कुप्पम में समुद्र के किनारे मिट्टी का कटाव हुआ।



जमशेदपुर के एक्सएलआरआई-जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में गायक विशाल ददलानी और शेखर रवजियानी के लाइव कॉन्सर्ट में छात्र संगीत पर थिरकते हुए।



बांग्लादेशी हिंदुओं ने चटगाँव कोर्ट के बाहर विरोध प्रदर्शन किया, क्योंकि इस्कॉन के एक वरिष्ठ भिक्षु चिन्मय कृष्ण दास को राजद्रोह के एक मामले में गिरफ्तारी के बाद बांग्लादेश पुलिस द्वारा पेश किया गया।

# MVA के 22 प्रत्याशियों की जमानत जब्त, सबसे अधिक कांग्रेस के, भाजपा का एक भी प्रत्याशी नहीं



मुंबई, 27 नवंबर [एजेंसी]।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महायुति की प्रचंड जीत के बाद चौंकाने वाले आंकड़े सामने आ रहे हैं। चुनाव मैदान में उतरने वाले करीब 85 फीसदी प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई है। मुंबई उपनगरीय में 261 और पुणे में 260 उम्मीदवारों को अपनी जमानत राशि से हाथ धोना पड़ा है। सबसे अधिक महा विकास अघाड़ी गठबंधन के 22 प्रत्याशियों की जमानत जब्त हुई है। इसमें में कांग्रेस सबसे आगे रही है। पार्टी के नौ प्रत्याशियों की जमानत राशि आयोग ने जब्त कर ली है। भारत निर्वाचन आयोग ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 में 3,515 उम्मीदवारों की जमानत राशि जब्त की। यह कुल 4,136 प्रत्याशियों का 85 फीसद है। साल 2014 में 83.1 और 2019 में 80.5 फीसदी प्रत्याशियों को अपनी जमानत राशि खोनी पड़ी थी।

2014 में जब्त की गई राशि 3.4 करोड़ और 2019 में 2.6 करोड़ रुपये थी। मगर 2024 में यह आकंड़ा 3.5 करोड़ पहुंच गया है। यह पिछले 10 साल में जब्त की गई सर्वाधिक राशि है।टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक महाविकास अघाड़ी के कुल 22 प्रत्याशियों की जमानत जब्त हुई है। इनमें अकेले नौ प्रत्याशी कांग्रेस के हैं। उद्धव ठाकरे की पार्टी शिवसेना (यूबीटी) को आठ और शरद पवार की एनसीपी (एसपी) को तीन सीटों पर अपनी जमानत खोनी पड़ी। खास बात यह है कि प्रदेश की सभी 288 सीटों में से किसी पर भाजपा प्रत्याशी की जमानत जब्त नहीं हुई। शिंदे की पार्टी शिवसेना को एक और अजित पवार की एनसीपी को पांच सीटों पर जमानत गंवानी पड़ी। विधानसभा चुनाव में हर उम्मीदवार को अपने नामांकन के साथ 10 हजार रुपये की जमानत राशि जमा करानी पड़ती है। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के प्रत्याशियों को पांच हजार की राशि जमा करानी होती है। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम- 1951 के मुताबिक जब कोई प्रत्याशी कुल वैध मतों का छठा हिस्सा प्राप्त करने में विफल होता है तो आयोग उसकी जमानत राशि जब्त कर लेता है। महाराष्ट्र चुनाव में महायुति को 236 सीटों पर जीत मिली है। महाविकास अघाड़ी सिर्फ 48 सीटों पर सिमट गया है। सबसे अधिक 132 सीटों पर भाजपा के प्रत्याशी जीते हैं। 57 सीटों पर शिवसेना और 41 पर एनसीपी को जीत मिली है। महा विकास अघाड़ी से सबसे अधिक 20 सीटों पर शिवसेना (यूबीटी) को कामयाबी मिली। कांग्रेस 16 और एनसीपी को 10 और सपा को दो सीटों पर जीत मिली है।

## मां ने अपनी ढाई साल की बच्ची को छत से फेंककर मार डाला, कई दिनों तक जुर्म को छुपाती रही महिला

**बरेली 27 नवंबर।** एक मां में अपनी ढाई वर्षीय बच्ची को छत से फेंक दिया, जिसमें उसकी मृत्यु हो गई। पति के पूछने पर ने महिला ने घटना को हादसा बता दिया लेकिन पति को महिला की बात सही नहीं लगी। उसने घर के पास लगे सीसीटीवी फुटेज देखी तो पूरी कहानी साफ हो गई। महिला छत से बच्ची को फेंकते हुए दिख रही थी। महिला पर उसके पति की ओर से प्राथमिकी लिखाई गई है। पुलिस ने महिला को हिरासत में ले लिया है। सीबीगंज पुलिस के मुताबिक घटना 21 नवंबर को दोपहर में करीब साढ़े बारह बजे परसाखेड़ा गांव में हुई। सीबीगंज के गांव वीरपुर कासिम पुर निवासी मुर्शीद अपनी पत्नी अनम व तीन बच्चों अरहन, अल्फराज, व अमननूर के साथ परसाखेड़ा के गौटिया गांव में नाजिम के कमान में किराए के मकान पर रहता है। 2019 में उसका विवाह फतेहगंज पश्चिमी के धतिया गांव में हुआ था।मुर्शीद का परसाखेड़ा में ही एक फैक्ट्री में काम करता है। उसकी पत्नी घर में ही जरी का काम करती है।

## लव मैरिज कर मुंबई में टैक्सी चलाता था यूपी का डकैत, 18 साल से ढूंढ़ रही थी पुलिस



वाराणसी, 27 नवंबर [एजेंसी]।

18 वर्षों से पुलिस को चकमा दे रहा 50 हजार रुपये इनामी अपहरण और बैंक डकैती के आरोपी उन्नाव के थाना बारा सगवर अंतर्गत आलमपुर निवासी सतीश को एसटीएफ ने 25 नवंबर की शाम मुंबई के थाणे स्थित विल्टेक यूनिट ऑफिस से दबोच लिया। गिरफ्तार बदमाश नाम और पता बदलकर दिल्ली, मुंबई, सतना आदि स्थानों पर छिपकर रह चुका है। एसटीएफ को सतीश की मुंबई में मौजूदगी का पता लगा तो उसे दबोच लाई। आरोपी को भदोही की एसबीआई शाखा में पड़ी बैंक डकैती मामले में भदोही के जिला कारागार में दाखिल किया जाएगा।इनामी सतीश वर्ष 2007 में आदमपुर के पेट्रोल पंप कारोबारी के बेटे मनीष के अपहरण और 2006 में भदोही के ग्राम गजिया स्थित भारतीय स्टेट बैंक में पड़ी डकैती मामले आरोपी है। अपहृत मनीष को सतीश उन्नाव में रखा था, जहां से पुलिस ने उसे छुड़ाया था। गिरोह के बेहड़ा (वाराणसी) के कुख्यात दीपक बेहड़ा और राजातालाब के उमेश पहलवान पुलिस मुठभेड़ में मारे गए। एसटीएफ के इंस्पेक्टर अमित श्रीवास्तव ने बताया कि आठवीं पास सतीश उर्फ अजीत दिल्ली की कपड़ा फैक्ट्री में काम करता था, जहां उसकी भदोही के युवक से दोस्ती हुई। वह भदोही गया था, जहां पुलिस ने उसे कार चोरी में गिरफ्तार जेल भेज दिया। भदोही जेल में उसकी पहचान कुख्यात दीपक बेहड़ा से हुई थी, जिसके बाद दीपक सिंह बेहड़ा, उमेश पहलवान, सतीश ने वाराणसी से एक युवक को अगवा कर उन्नाव में रखे। पुलिस ने गिरोह के बदमाशों को पकड़ लिया, जबकि सतीश अपने भाई दिलीप के यहां लखनऊ भाग गया। आरोपी लखनऊ से कुछ दिन बाद सतना पहुंच हनुमान नगर नई बस्ती में आनन्द द्विवेदी के यहां किराए के मकान में कई वर्ष तक रहकर कपड़े सिलता था।

# अंग्रेजों ने ऐतिहासिक पुल बनाने में खर्च किए थे 17 लाख, सेना संभालती थी सुरक्षा

कानपुर, 27 नवंबर [एजेंसी]।




ब्रिटिश काल में निर्मित गंगा के पुराने पुल के दोनों ओर बने द्वार शाम ढलते बंद कर किनारों पर बने कमरों से सेना सुरक्षा संभालती थी। गंगा से लेकर पूरे क्षेत्र में पैनी निगाह रखी जाती थी। कई चौकीदार भी तैनात थे। अवध व रोहेलखंड रेलवे की इस परियोजना से कोलकाता (तब कलकत्ता) तक कारोबारी गतिविधियां बढ़ी थीं। अवध व आगरा प्रांत के बीच रेलवे की सेवा से औद्योगिक नगरी कानपुर आर्थिक क्षेत्र के रूप में विकसित होने लगी थी।औद्योगिक सफलता की कहानी अब तक बीआईसी व एनटीसी समेत निजी क्षेत्र की मिलों से पता चलती है। पैदल पुल मार्ग से प्लेटफार्म पर चढ़ने की सीढ़ियां थीं, जो अब मिट्टी में दब गईं। अंग्रेज छावनी तक सामग्री व शस्त्र भेजे जाते थे।कानपुर छोर पर कानपुर ब्रिज बायां किनारा व शुक्लागंज में दायां किनारा हाल्ट स्टेशन थे। इसमें बायां किनारा अभी तक है। पुल निर्माण से पहले अंग्रेज बड़ी लोहे की नाव से आते-जाते थे, जिसमें वक्त के साथ मिट्टी भर गई और आसपास अस्थायी घर बन गए।पुराने लोगों को छोड़ दें तो नई पीढ़ी में कितने ही लोग नहीं जानते होंगे कि शुक्लागंज को जोड़ने वाले पुराने गंगा पुल के ऊपर ट्रेनें दौड़ती थीं। 10-20 बरस नहीं, बल्कि पूरे 50 साल ऊपरी हिस्से से ट्रेनें, नीचे वाहन और पैदल लोग गुजरते रहे। यहां लगे दो शिलालेख बताते हैं कि 1875 में कानपुर से शुक्लागंज को जोड़ने के लिए अंग्रेजों ने पुल निर्माण का ठेका अवध एंड रुहेलखंड कंपनी लिमिटेड को दिया गया। इसकी डिजाइन जेएम हेपोल ने बनाई थी। निर्माण कराने वाले रेजिडेंट इंजीनियर एसबी न्यूटन ने असिस्टेंट इंजीनियर ई वेडगार्ड के साथ मिलकर इसे बनाया था। तब मुख्य अभियंता टी लोवेल थे। पुल दो खंडों में बना। नीचे लकड़ी का, जिसमें हल्के वाहन व पैदल यात्री गुजरते थे। ऊपर जिस सड़क पर कारें व दूसरे वाहन चलते थे, वहां नैरोगेज का रेलवे ट्रैक था।

14 जुलाई, 1875 को पहले नीचे वाला पैदल पुल चलने के लिए खुला व दूसरे दिन 15 जुलाई को रेल पुल से ट्रेनों का आवागमन शुरू हुआ था। इतिहास के जानकार अनूप कुमार शुक्ल बताते हैं, पहले यहां सिंगल रेलवे ट्रैक था। 1910 में पुराने गंगा पुल के समानांतर पूर्व की ओर लगभग 40 फीट दूर नया रेलवे पुल बना। दोनों पुलों पर ट्रेनें चलती रहीं। फिर 1924 में पुराने पुल पर पटरियां उखाड़कर सड़क बना दी गई। केंद्रीय विद्यालय व ओईएफ स्टेडियम के सामने अब तक ईंटों का बना लंबा चबूतरे का ढांचा कभी स्टेशन व ट्रेन रुकने पर प्लेटफार्म के रूप में प्रयोग किया जाता था।2013 में पुल की मरम्मत के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव व लोक निर्माण मंत्री शिवपाल यादव ने लोकार्पण किया था।2019 में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने खस्ताहाल निचले पैदल पुल के क्षतिग्रस्त लकड़ी के पुल का जीर्णोद्धार कराया। लकड़ी के पुल पर बिटुमिन के साथ कंक्रीट की परत बिछाई गई।1990 में गंगा पर रेलवे के दूसरे पुल का जीर्णोद्धार कराया गया।2016 में दोबारा इसे ठीक किया गया, जिसके लिए रेलवे ने तीन दिन का मेगा ब्लॉक लिया था। 1000 से अधिक टर्फ (गर्डर) अंग्रेजों ने लगवाए थे, जो बदले जा चुके हैं। 1993-94 में नैरोगेज रेलवे लाइन को ब्रॉडगेज में बदला गया। 1890 की भीषण बाढ़ में भी पुल को कोई दिक्कत नहीं हुई थी। पुराना गंगा पुल लोक निर्माण विभाग की संपत्ति है। 1925 में रेलवे से हस्तांतरण के बाद विभाग ने पुल की देखरेख के लिए बाकायदा टीम तैनात की थी। पुल की देखरेख में लगे कर्मियों के दर्जन भर परिवार आसपास ही रहते हैं। बुजुर्ग बताते हैं, पुराने समय में आठ से 10 लोग पूरे दिन पुल पर झाड़ू लगाते थे।इतिहास के जानकार अनूप शुक्ल बताते हैं, कानपुर में रेलवे का आगाज भाप के इंजन के आविष्कारक मिस्टर जार्ज स्टीफेन्सन के बेटे मिस्टर सर आरएम स्टीफेनसन के जुलाई 1845 में रेलवे लाइन के सर्वे से हुआ था।

1857 में प्रथम स्वाधीनता संग्राम के समय रेलवे लाइनों के विस्तार में प्रभाव पड़ा, क्योंकि रेलवे के दर्जनों यूरोपियन कर्मचारी व अभियंता क्रांतिकारियों ने मार दिए थे और पटरियां उखाड़ दी थीं। इससे अंग्रेजों की बिछाई रेल पटरियों से देश भर में लगभग 40 लाख पाउंड की क्षति हुई थी। कानपुर व लखनऊ के बीच 47 मील (75.6 किलोमीटर) की रेलवे लाइन 23 अप्रैल, 1867 को खोली गई, जो पुराने अवध व रुहेलखंड रेलवे का हिस्सा थी। ये लखनऊ जिले से होकर गुजरी थी। हरौनी में सई नदी को पार करते हुए चारबाग में समाप्त हुई थी। रेलवे लाइन गंगा तट बाएं किनारे व दाएं किनारे तक ही थी। जब 15 जुलाई, 1875 को गंगा पर पुल खोला गया तो कुल लंबाई 2850 फीट थी। इसमें 100 फीट की 23, 96 फीट की दो व 40 फीट की दो कोठियां थीं। निम्न जल स्तर के नीचे खंभों की नींव की गहराई 50 से 65 फीट तक थी। गर्डरों का कुल वजन 1815 टन था। पुल का निर्माण 17,60,978 की लागत से किया गया था। दोमंजिला पुल से मिलिट्री ब्लाक हाउस 1890-91 में जोड़े गए थे।पुराने गंगा पुल की बनावट को लेकर अब तक पंक्तियां गुनगुनाई जाती हैं। इसमें कानपुर की कनकैया (पतंग), नीचे बहती गंगा मैया, ऊपर चले रेल का पहिया सबकी जुबान पर रहती है। नई पीढ़ी भले अब इससे कम वाकिफ है।

## गुना में वनभूमि पर कब्जे के विवाद में भीलों ने बंजारा समाज के घर फूंके, पुलिस पर पथराव

गुना, 27 नवंबर ।

मध्य प्रदेश में गुना जिले के पन्हेटी गांव में वन भूमि पर कब्जे का विवाद हिंसक हो गया। मंगलवार सुबह भील समुदाय के लोगों ने बंजारा समाज के घरों पर हमला कर उनमें आग लगा दी। इस आगजनी में 12 घरों के साथ ट्रैक्टर, मोटरसाइकिल, राशन, घरेलू सामान और कपड़े तक खाक हो गए।जानकारी के अनुसार बमोरी तहसील के पन्हेटी गांव में वनभूमि पर कब्जे को लेकर भील और बंजारा समुदाय के बीच दीपावली के दिन मारपीट हुई थी। तब दोनों पक्ष से दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। इसमें से भील समुदाय के गलसिंह भील का इंदौर और बंजारा समाज के कल्लू बंजारा का भोपाल के अस्पताल में इलाज चल रहा था।सोमवार रात गलसिंह की मौत हो गई। इसके बाद भील समुदाय के 30-35 लोगों ने मंगलवार सुबह लगभग 11 बजे बंजारा समाज के घरों पर हमला कर दिया। उनके घरों में आग लगा दी। इससे दो ट्रैक्टर, पांच बाइक, राशन, गृहस्थी का सामान, कपड़े और खलिहान में रखी फसल जल गई।आगजनी की सूचना पर फतेहगढ़ थाने की पुलिस पहुंची तो हमलावरों ने उन्हें गांव में घुसने तक नहीं दिया। उनके भारी पथराव से पुलिस बल को लौटना पड़ा। बाद में जिला मुख्यालय के अलावा आसपास के थानों से बड़ी संख्या में पुलिस बल को गांव में भेजा गया। अनुविभागीय पुलिस अधिकारी विवेक अष्ठाना ने बताया कि गलसिंह भील की मौत की सूचना पर एहतियातन पुलिस बल को पन्हेटी भेजा गया था।उनके पहुंचने से पहले ही भील समुदाय के करीब 30-35 लोगों ने बंजारा समाज के घरों में आग लगा दी।

## भाजपा ने राहुल गांधी पर राष्ट्रपति का अपमान करने का लगाया आरोप, वीडियो जारी कर साधा निशाना

नईदिल्ली, 27 नवंबर [एजेंसी]।

भाजपा ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर आरोप लगाया कि उन्होंने संविधान दिवस के अवसर पर संसद में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का अभिनंदन नहीं किया। भाजपा ने इस कार्यक्रम के दो वीडियो क्लिप एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि राहुल गांधी इतने अहंकारी हैं कि उन्होंने राष्ट्रपति का अभिवादन तक नहीं किया। सिर्फ इसलिए कि वह आदिवासी समुदाय से आती हैं। वह एक महिला हैं और राहुल गांधी कांग्रेस के शहजादा हैं। यह किस तरह की घटिया मानसिकता है। भाजपा द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो में राहुल को राष्ट्रपति के बैठने से पहले ही मंच पर अपनी सीट लेते देखा गया। कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे, जो राहुल के बगल में खड़े थे, उन्हें उठने के लिए प्रेरित करते देखे गए। भाजपा द्वारा पोस्ट किए गए एक अन्य वीडियो क्लिप में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और खरगे को खड़े होकर राष्ट्रपति का अभिवादन करते देखा गया, लेकिन राहुल राष्ट्रपति का अभिवादन करते नहीं दिखे। वीडियो क्लिप में कैप्शन लिखा गया, कांग्रेस ने हमेशा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का अनादर किया। राष्ट्रपति खड़ी रहीं, शहजादा बैठ गए, राष्ट्रपति का स्वागत नहीं किया। संभल में जामा मस्जिद के सर्वे के दिन 24 नवंबर को हुए बवाल और आगजनी पर सियासत तेज हो गई है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा सरकार को घेरा है। इसके साथ ही पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है। राहुल गांधी ने लोगों से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील भी की। राहुल ने एक्स पर ट्वीट करते हुए लिखा, संभल की घटना की जिम्मेदार भाजपा सरकार है। उत्तर प्रदेश में हालिया विवाद पर राज्य सरकार का पक्षपात और जल्दबाजी भरा रवैया बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

## बाप-बेटे क्या खुराफात करते रहते हो, तुम्हें भी आजादी देंगे संभल मस्जिद में मंदिर का दावा करने वाले वकील को धमकी

संभल, 27 नवंबर [एजेंसी]।

शहर की जामा मस्जिद में हरिहर मंदिर होने का दावा पेश करने वाले सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन को फोन पर धमकी देने का मामला सामने आया है। इस मामले में अधिवक्ता की ओर से जिलाधिकारी संभल को भी अवगत करा दिया गया है। पता हो कि काशी मथुरा व अयोध्या में मंदिर तोड़कर मस्जिद बनाने का दावा पेश करने बाद अब संभल की जामा मस्जिद में हरिहर मंदिर होने का दावा सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में 19 नवंबर को पेश किया गया। आठ लोगों की ओर से यह दावा विष्णु शंकर जैन की ओर से पेश पेश किया गया था।

इस पर मस्जिद में पहले 19 और बाद में 24 नवंबर को सर्वे कराया गया था। दूसरे सर्वे के दौरान हिंसा भड़क गई और पथराव व फायरिंग में चार लोगों की जान चली गई। सर्वे करने गई टीम के साथ गए अधिवक्ता को पुलिस के सुरक्षा घेरे में कोतवाली तक लाया गया था। इस घटनाक्रम के बाद विष्णु शंकर जैन को फोन पर धमकी दी गई, जिसमें धमकी देने वाले ने खुद को सुप्रीम कोर्ट का अधिवक्ता बताते हुए कहा है कि दोनों बाप-बेटे क्या खुराफात करते रहते हो। तुम्हारे व जज के खिलाफ भी कार्रवाई करेंगे। यह कहने पर कि लोकतंत्र के संविधान में सबको आजादी है, इस पर दूसरी ओर से कहा गया कि तुम्हें भी आजादी दे देंगे। कहा गया तुम्हारे जैसे खुराफाती बाप-बेटों के खिलाफ एप्लीकेशन लगाएंगे और समाज में आग लगाने वालों को सबक सिखाएंगे।

## रूस ने जासूसी के आरोप में ब्रिटिश राजनयिक को किया निष्कासित, रूसी टीवी चैनलों पर दिखाई गई फोटो

मॉस्को, 27 नवंबर [एजेंसी]।



रूस ने ब्रिटेन के एक राजनयिक को जासूसी के आरोप में निष्कासित कर दिया है। यह कदम दोनों देशों के बीच दुश्मनी को और बढ़ावा देगा। एफएसबी सुरक्षा सेवा का कहना है कि जासूसी के आरोपित ब्रिटिश राजनयिक ने रूस में प्रवेश करने से पहले अपने बारे में जानबूझकर गलत जानकारी दी थी। राजनयिक का नाम एडवर्ड विल्क्स है। उसकी फोटो टीवी चैनलों पर दिखाई गई है। रूसी एजेंसी ने बयान जारी कर कहा कि राजनयिक ऐसे खुफिया और रूस विरोधी कार्यों में लिप्त था कि इससे रूस की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा हो सकता था। ब्रिटेन ने रूस के आरोपों का खंडन किया है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीएर स्टार्मर के प्रवक्ता ने कहा, हम इन निराधार आरोपों का खंडन करते हैं। हम उचित समय पर जवाब देंगे। मॉस्को स्थित रूसी दूतावास ने भी इस संबंध में चुप्पी साध रखी है। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि मंत्रालय ने ब्रिटिश राजदूत को समन भेजकर विरोध दर्ज कराया है। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा के हवाले से कहा कि एफएसबी का कहना है कि आरोपित ब्रिटिश राजनयिक इसी साल निष्कासित किए गए छह ब्रिटिश राजनयिकों के स्थान पर आया था। उन सबपर भी जासूसी के आरोप लगे थे।

रूस ने दावा किया है कि यूक्रेन अमेरिकी मिसाइलों से उस पर हमला कर रहा है। रूसी रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि यूक्रेन ने पिछले तीन दिनों में दो बार अमेरिका निर्मित एटीएसीएमएस मिसाइलों से रूस को निशाना बनाया है। रूस बदला लेने की तैयारी कर रहा है। रूसी रक्षा मंत्रालय के अनुसार, दोनों हमले कुसर्क क्षेत्र में रूसी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर किए गए। पहला हमला 23 नवंबर को किया गया। पांच मिसाइलों में से दो रूसी वायु रक्षा प्रणाली एस-400 पर दागी गईं। इसमें इसकी रडार प्रणाली का नुकसान पहुंचा। जबकि दूसरा हमला 25 नवंबर को किया गया। आठ मिसाइलों से कसर्क -वोस्तोचन एयरपोर्ट को निशाना बनाया गया। एक मिसाइल लक्ष्य तक पहुंची और दो सैनिक घायल हो गए। यहां एक सैन्य एयरबेस भी है। स्थिति नियंत्रण में है और जवाबी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।इस बीच, विश्लेषकों और युद्ध ब्लागरों ने कहा कि रूसी सेना यूक्रेन में तेज गति से आगे बढ़ रही है। उसने यूक्रेन में पिछले करीब एक माह के दौरान आधे लंदन के बराबर क्षेत्र पर कब्जा कर लिया। रूस ने फरवरी, 2022 में यूक्रेन पर हमला किया था। उस समय से यूक्रेन में उसके आगे बढ़ने की गति तेज है। रूसी पत्रकार को चार वर्ष जेलपूर्वी रूस की एक अदालत ने मंगलवार को एक महिला पत्रकार को चार वर्ष जेल की सजा सुनाई।

# चार वर्ष में और डेढ़ सौ जिलों में बनेंगे सहकारी बैंक, अमित शाह बोले- चुनाव से पहले 50 फीसदी वृद्धि का लक्ष्य

नईदिल्ली, 27 नवंबर [एजेंसी]।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने देश की संपूर्ण तरक्की के लिए सहकारी बैंकों से आगे आने का आग्रह किया। कहा कि अभी देश के तीन सौ जिलों में सहकारी बैंक हैं। चुनाव में जाने से पहले इसमें 50 प्रतिशत की वृद्धि करनी है। अमित शाह मंगलवार को भारत मंडपम में राष्ट्रीय राज्य सहकारी बैंक महासंघ लिमिटेड के हीरक जयंती समारोह व ग्रामीण सहकारी बैंकों की राष्ट्रीय बैठक को संबोधित कर रहे थे।केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश के सभी जिलों में सहकारी बैंकों की स्थापना तभी हो पाएगी जब दो लाख नई प्राथमिक कृषि ऋण समितियां (पैक्स) बना ली जाएंगी। मतलब प्रत्येक पंचायत में एक पैक्स बन जाएंगी। चाहे दूध उत्पादन प्राइमरी समिति हो या मछुआरों से संबंधित समिति। गांवों की प्रकृति जैसी होगी वैसी ही समितियों का गठन कर लिया जाएगा।उन्होंने कहा कि पैक्सों को कंप्यूटराइज करने पर 25 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इससे निबंधन से लेकर ऑडिट तक सारे काम ऑनलाइन होने लगेंगे। पैक्स ही राज्य सहकारी बैंक और जिला सहकारी बैंकों की आत्मा है। अगर सहकारी बैंकों को मजबूत करना है तो पैक्सों को मजबूत करना होगा। इसके लिए पैक्सों को नई तकनीक के लिए तैयार किया जा रहा है। अमित शाह ने कहा कि सहकारी बैंकों का निरंतर आधुनिकीकरण और कार्य क्षमता का विकास हो रहा है। सहकारी व्यवस्था ने पूरे देश के किसानों और कृषि में नई जान फूंकी है। सहकारी बैंकों ने जल प्रबंधन से लेकर कृषि एवं गांवों को मजबूत करने में बड़ी भूमिका निभाई है। हमारा देश सहकार से समृद्धि और समृद्धि से संपूर्णता की ओर जा रहा है। अलग मंत्रालय की स्थापना का उद्देश्य भी यही है।सहकारिता मंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य वर्ष 2027 तक तीसरी अर्थव्यवस्था को प्राप्त कर लेना है। अगले पांच वर्ष सहकारिता क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण होने जा रहा है। सरकार गरीब, दलित आदिवासी और महिला का सम विकास चाहती है। सरकार ने



करके दिखाया भी है। सहकारी क्षेत्र में इफको, कृभको और अमूल जैसी संस्थाओं ने बड़ी उपलब्धियां प्राप्त की हैं। अमित शाह ने पैक्सों के दायित्व का भी जिक्र किया और कहा कि सहकारिता के भाव को संबल देने के लिए पैक्सों और सहकारी बैंकों को भी आगे आना चाहिए। गांव की हर समस्या पैक्स की होनी चाहिए। जिले की समस्या को-ऑपरेटिव बैंक और राज्य की हर समस्या स्टेट को-आपरेटिव बैंक की होनी चाहिए। सहकारिता को जनविश्वास भी अर्जित करनी होगी। इसके लिए पारदर्शिता जरूरी है। राज्य एवं जिला सहकारी बैंकों को भी पारदर्शी व्यवहार की शुरुआत करनी होगी।

अगर ऐसा नहीं होगा तो हम अपने उद्देश्य में सफल नहीं हो सकते हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता वाली एक उच्च स्तरीय समिति ने 15 राज्यों में विभिन्न आपदा शमन और क्षमता निर्माण परियोजनाओं के लिए उक हजार करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, समिति ने 115.67 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय पर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों के प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण के लिए एक और परियोजना को भी मंजूरी दी।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के लिए 139-139 करोड़ रुपये, महाराष्ट्र के लिए 100 करोड़ रुपये, कर्नाटक और केरल के लिए 72-72 करोड़ रुपये, तमिलनाडु और बंगाल के लिए 50-50 करोड़ रुपये तथा आठ पूर्वोत्तर राज्यों असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा के लिए 378 करोड़ रुपये की धनराशि मंजूर की गई। केंद्रीय वित्त और कृषि मंत्री तथा नीति आयोग के उपाध्यक्ष की सदस्यता वाली समिति ने राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण कोष (एनडीएमएफ) से वित्त पोषण के लिए 15 राज्यों में भूस्खलन के जोखिम को कम करने के प्रस्ताव पर विचार किया। कहा गया है कि राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (एनडीआरएफ) के वित्तपोषण से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों के प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण के लिए अपर्याप्त तैयारी और क्षमता निर्माण के प्रस्ताव पर भी विचार किया गया।

# पेट का बैंड बजा सकती है खाने की एक गलत आदत, भूलकर भी न करें ऐसी गलती

**बिजी लाइफस्टाइल और भागदौड़ भरी जिंदगी में लोगों के पास ठीक से खाने का भी वक्त नहीं है. यही कारण है कि ज्यादातर जल्दी-जल्दी खाना खाकर उठ जाते हैं. जिसका असर खतरनाक हो सकता है. इसकी वजह से शरीर को कई गंभीर समस्याएं हो सकती हैं.**

**दरअसल, खाना चबाकर खाने से वह छोटे-छोटे टुकड़ों में टूट जाता है और पेट-आंत में जाकर आसानी से पचता है. इससे लार में मौजूद एंजाइम खाने में मौजूद कार्बोहाइड्रेट को तोड़ने लगते हैं. अगर आप भी किसी वजह से खाना ठीक तरह से चबाकर नहीं खा रहे हैं तो सावधान हो जाइए और यहां जानिए इसके साइड इफेक्ट्स...**



## खाने को ठीक से न चबाने के कारण

* जल्दबाजी में खाना खाना
* टीवी या मोबाइल देखते समय खाना खाना
* खाने की जल्दी में होने से

खाने को ठीक से न चबाने के नुकसान

1. पाचन की समस्याएं

खाने को ठीक से न चबाने से पाचन समस्याएं हो सकती हैं. इससे खाना सही तरह नहीं पचता है और कई तरह की दिक्कतें हो सकती हैं. इसकी वजह से गैस और अपच जैसी समस्याएं भी परेशान कर सकती हैं.

2. वजन बढ़ना

खाने को ठीक से न चबाने से वजन तेजी से बढ़ सकता है. दरअसल जल्दी खाने से दिमाग भूख और पेट भरने के संकेत को सही तर नहीं दे पाता है. शोध में पता चला है कि धीरे-धीरे खाने और सही तरह चबाने से पेट भरने का एहसास कराने वाले हार्मोन एक्टिव होते हैं, जिससे भूख मिटलती है.

3. पोषक तत्वों की कमी

खाने को ठीक से न चबाने से पोषक तत्वों की कमी हो सकती है. इसका असर ओवरऑल हेल्थ पर पड़ता है. इतना ही नहीं खाना सही तरह न चबाने से लार सही तरह नहीं बन पाता है और दांत-मसूड़ों में गंदगी बन रह सकती है.

4. सीने में जलन

अगर आप खाना सही तरह नहीं चबाते हैं तो गैस की समस्या बढ़ जाती है, जिसकी वजह से एसिड रिफ्लक्स हो सकता है और सीने में जलन हो सकता है. इसलिए हमेशा खाना चबाकर ही खाना चाहिए, ताकि शरीर कई तरह की परेशानियों से बच सके और खाना शरीर को फायदा पहुंचा सके.

खाने को ठीक से चबाने के लिए क्या करें

* धीरे-धीरे खाएं
* खाते समय टीवी या मोबाइल न देखें
* खाने को छोटे टुकड़ों में ही उठाएं
* पानी पीने से पहले खाना खाएं यानी खाते समय पानी न पिएं
* हर निवाले को कम से कम 25 से 40 बार चबाएं.



## ना सिंगल ना रिलेशन में हैं मलाइका अरोड़ा, खुलासा कर खुद बताया क्या है स्टेटस

फिल्म इंडस्ट्री की ग्लैमरस कलाकार मलाइका अरोड़ा का अभिनेता अर्जुन कपूर से ब्रेकअप हो चुका है। ऐसे में उनके फैंस यह जानने के लिए बेकरार हैं कि उनका वर्तमान में स्टेटस क्या है। एक पोस्ट शेयर कर 'छैया छैया गर्ल' ने खुलासा कर बताया है कि अभी उनका रिलेशनशिप स्टेटस कैसा है।

मलाइका अरोड़ा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम के स्टोरी सेक्शन पर एक मजेदार पोस्ट शेयर किया, जिस पर लिखा है, 卐अभी मेरा रिलेशनशिप स्टेटस, इस लाइन के नीचे तीन ऑप्शन भी हैं, जिनमें पहला रिलेशनशिप में, दूसरा सिंगल और तीसरे पर हेहेहे लिखा है।

मजेदार बात है कि अरोड़ा ने अपने स्टेटस के लिए 'हेहेहे' पर टिक किया। यह पोस्ट मलाइका और उनके पूर्व प्रेमी अर्जुन कपूर के अलग होने के फैसले के बाद आया है।

अर्जुन कपूर और मलाइका अरोड़ा ने साल 2018 में डेटिंग शुरू की थी। हालांकि, उन्होंने कभी भी अपने रिश्ते के बारे में खुलकर बात नहीं की। सोशल मीडिया पर यह जोड़ा अक्सर अपने खूबसूरत पलों की तस्वीरें और पोस्ट शेयर करता नजर आता था। रोमांटिक हो या फनी दोनों के एक-दूजे के साथ में कई तस्वीरें हैं।

मलाइका और अर्जुन कई इवेंट और पार्टियों में भी साथ नजर आते थे।

इस बीच बता दें कि अभी हाल ही में मलाइका अरोड़ा ने खुलासा कर बताया था कि वह अपने कुछ खास काम करने जा रही हैं, जो कि उनके दिवंगत पिता अनिल कुलदीप मेहता को समर्पित होगी। मलाइका के पिता का इसी साल सितंबर में निधन हो गया था।

इस बीच मलाइका अरोड़ा के वर्कफ्रंट की बात करें तो छैया छैया गर्ल कई प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हैं और यात्रा के साथ कई ब्रांड्स के लिए शूटिंग कर रही हैं। इसके अलावा, वह एक डांस रियलिटी शो में जज की भूमिका में भी नजर आएंगी।

इसके साथ ही 'मुन्नी बदनाम हुई' फेम मलाइका स्टार्टअप-बेस्ड सीरीज में एक बिजनेस इन्वेस्टर के रूप में भी दिखाई देंगी।

## इंटरनेट पर छाया पलक तिवारी का हॉट बॉसी लुक किलर अंदाज से सोशल मीडिया पर बरपाया कहर

पलक तिवारी हमेशा अपनी हॉट अदाओं से सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटौरती रहती हैं। उनका बोल्डनेस भरा अंदाज इंटरनेट पर आते ही छा जाता है। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर साझा करती हैं तो फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है।

एक्ट्रेस पलक तिवारी आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने बेहद ही कम उम्र में लोगों के बीच अपनी अच्छी खासी पहचान बना ली है।

अब हाल ही में एक्ट्रेस पलक तिवारी ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका कातिलाना हुस्न देखकर फैंस बेकाबू हो गए हैं।

इन फोटोज में आप देख सकते हैं पलक तिवारी ने व्हाइट कलर का कोर्ड-सेट पहना हुआ है, जिसमें वो बेहद ही शानदार नजर आ रही हैं। हाई हील्स, खुले बाल और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस पलक तिवारी ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हुए नहीं थकते हैं।

हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। पलक तिवारी की इन फोटोज को अपलोड हुए कुछ ही घंटे हुए हैं और अब तक 1 लाख 48 हजार से भी ज्यादा यूजर्स ने तस्वीरों पर लाइक कर दिया है।





## यूएसए प्रीमियर के लिए सबसे तेज 50 हजार से ज्यादा टिकटें बचने वाली फिल्म बनीं पुष्पा 2 द रूल

साउथ फिल्म की सुपरहिट जोड़ी अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की अपकमिंग फिल्म पुष्पा 2 द रूल बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ शुरुआत के लिए तैयार है. यूएसए में फिल्म के प्रीमियर के लिए धड़ाधड़ टिकटें बिक रही हैं. मेकर्स ने यूएसए प्रीमियर के लिए फिल्म के एडवांस बुकिंग का अपडेट साझा किया है. मेकर्स के मुताबिक, पुष्पा 2 द रूल ने एक बार फिर एडवांस बुकिंग के मामले में एक नई उपलब्धि हासिल की है.

मेकर्स ने पुष्पा 2 द रूल को उत्तर भारत में 4500 से ज्यादा स्क्रीन पर रिलीज करने का लक्ष्य रखा है. जबकि वैश्विक स्तर पर इसका 10,000 स्क्रीन पर रिलीज करने का लक्ष्य है. मेकर्स ने पुष्टि की है कि फिल्म को आईमैक्स और 3डी में रिलीज किया जाएगा. बता दें कि भारत में फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू नहीं हुई है, लेकिन सोशल मीडिया यूजर्स के रिएक्शन से पता चलता है कि लोग फिल्म का इंतजार बेसब्री से कर रहे हैं और इस इंतजार का फल तुफानी भरा होगा. यह शुरुआती भीड़ केजीएफ2 की रिलीज के बराबर हो सकती है. उधर पुष्पा 2 द रूल की विदेशों में बुकिंग पहले से ही अच्छी चल रही है. मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर फिल्म से अल्लू अर्जुन का पोस्टर पोस्ट किया है. पोस्टर में लिखा है, यूएसए प्रीमियर्स के लिए सबसे तेज 5०० से ज्यादा टिकट सोल्ड होने वाली पुष्पा 2. यूएसए प्रीमियर के लिए सबसे तेज 50 हजार से ज्यादा टिकटें बिकीं. पुष्पा 2 द रूल ने रिकॉर्ड तोड़ 750 हजार से ज्यादा यूएसए प्रीमियर प्री सेल्स और 27 हजार से ज्यादा टिकटे बेची थी. वहीं, अब 1 मिलियन डॉलर से ज्यादा प्री-सेल करने वाली सबसे तेज भारतीय फिल्म बनकर उभरी है.

# आंखों को नुकसान पहुंचाती है विटामिन बी-3 की हाई डोज, स्टडी में सामने आई हकीकत

आंखें हमारे शरीर का सबसे नाजुक हिस्सा है, जिसकी प्रॉपर केयर बहुत ज्यादा जरूरी होती है. नहीं तो इससे आंखों में मोतियाबिंद, रतौंधी, आईसाइट कम होना जैसी कई समस्याएं हो सकती हैं, इसलिए विटामिन से भरपूर चीजें खाने की सलाह दी जाती है, क्योंकि विटामिन ए आंखों के लिए बहुत ज्यादा जरूरी होता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कुछ ऐसे विटामिन भी है, जो आंखों के लिए नुकसानदायक होते है और अगर इसकी मात्रा ज्यादा हो जाए तो यह सीधे आंखों को प्रभावित करते हैं. तो चलिए आज आपको बताते हैं कि कौन से विटामिन की अधिकता आंखों पर बुरा प्रभाव डालती है.

## इस विटामिन की अधिकता कर सकती है आंखों को डैमेज

नियासिन या विटामिन बी-3 का उपयोग आमतौर पर कोलेस्ट्रॉल को कम करने और हाइपरलिपिडिमिया के इलाज के लिए किया जाता है. लेकिन हाल ही में हुई एक रिसर्च के अनुसार इस विटामिन की ज्यादा खुराक आपकी आंखों को प्रभावित कर सकती है. दरअसल, नियासिन की हाई डोज के



कारण मैक्युला में लिक्विड पदार्थ जमा हो जाता है, जिससे धुंधली दृष्टि और अन्य लक्षण पैदा हो जाते हैं. इसलिए डॉक्टर का मानना है कि कोलेस्ट्रॉल को कम करने के लिए 1 दिन में 3 से 6 ग्राम से ज्यादा नियासिन नहीं लेना चाहिए.

## आंखों की रोशनी के लिए करें इस विटामिन का सेवन

अगर आप अपने आंखों की रोशनी को बढ़ाना चाहते हैं, नंबर का चश्मा लगाने से बचना चाहते हैं या मोतियाबिंद और रतौंधी की समस्या को कम करना चाहते हैं, तो विटामिन ए से भरपूर चीजों का सेवन आपको करना चाहिए.

यह विटामिन आपको गाजर, पालक, शकरकंद जैसी चीजों में भरपूर मात्रा में मिलेगा. हालांकि, विटामिन ए की ज्यादा खुराक लेने से भी आंखों और अन्य अंगों को नुकसान पहुंच सकता है. दरअसल, अगर आप विटामिन ए की खुराक जरूरत से ज्यादा ले रहे हैं, तो यह टॉक्सिसिटी का कारण बन सकता है, इसलिए अपने डॉक्टर की सलाह पर ही विटामिन ए का सेवन किया जाना चाहिए.

## शब्द सामर्थ्य -248

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिड़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाश ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 247 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पं | त्ति | | स्वा | द | | स | ब | ब |
| जा | | सु | हा | ना | | | ली | द |
| ब | हु | धा | | द | ल | ना | | ल |
| | | क | मा | न | | ग | ह | ना |
| भं | व | र | | | | वा | म | |
| गी | त | | म | ज | बू | र | | ट |
| | न | म | स्का | र | | | | र |
| | | र्या | | | बी | | ना | का |
| सं | वि | दा | | ब | स | च | ल | ना |

# शक्ति की उपासना के लिए महायज्ञ, शुभारंभ पर निकली कलश यात्रा





**चरचा कालरी।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वधान में अखिल विश्व गायत्री परिवार एवं समस्त क्षेत्रवासी चरचा कालरी क्षेत्र के द्वारा स्थानीय श्रमवीर स्टेडियम में तीन दिवसीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ मंगलवार 26 नवंबर को भव्य सद्गुरु ज्ञान गंगा सदग्रंथ शोभा यात्रा कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुई, कलश यात्रा में भारी संख्या में महिलाओं एवं युवतियां शामिल हुई, सर्वप्रथम कलश यात्रा चर्चा के मां गायत्री की जयकार व गगन भेदी धार्मिक नारों के साथ यज्ञ स्थल श्रम वीर स्टेडियम से निकल मुख्य मार्गो से होते हुए छठ घाट पहुंची इस कलश यात्रा का मुख्य आकर्षण कलश यात्रा के साथ मां दुर्गा ,मां काली, मां पार्वती ,मां सरस्वती , मां भारती ,की वेशभूषा मैं कन्याएं तथा स्वामी दयानंद सरस्वती की वेशभूषा में बालक रथ में सवार थे ,यह कलश यात्रा छठ घाट से कलश में जल भर वापस यज्ञ स्थल में पहुंची, यहां पर गायत्री परिवार के वरिष्ठ जनो के द्वारा कलश का विधि विधान एवं वैदिक मंत्र के साथ पूजन एवं आरती की गई , और यज्ञ की महिमा एवं कलश यात्रा से प्राप्त होने वाले लाभ के बारे में बताया गया तत्पश्चात कलश यात्रा मैं शामिल सभी भक्तगणों को भंडारे का प्रसाद ग्रहण कराया गया , तीन दिवसीय 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न कराने के लिए शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे हुए नरेंद्र विद्यार्थी एवं उनके टोली के सदस्य के द्वारा सभी अनुष्ठान विधि विधान पूर्वक संपन्न करवाए जा रहे हैं, उनके साथ गायत्री परिवार के वरिष्ठ बाल्मीकि तिवारी एवं आसपास क्षेत्र के गायत्री परिवार के स्वयंसेवक चर्चा पहुंच कर पूरी निष्ठा के साथ यज्ञ के सफल आयोजन में कार्य कर रहे हैं कलश यात्रा के संपन्न होने के पश्चात संध्या 5.30 बजे से हरिद्वार से आए नरेंद्र विद्यार्थी एवं उनकी टोली के द्वारा प्रज्ञा पुराण की कथा सुनाई गई ,27 नवंबर को सुबह 6 बजे से ध्यान साधना एवं प्रज्ञा योग व्यायाम तत्पश्चात 8 बजे से यज्ञ का ज्ञान विज्ञान, देव पूजन, गायत्री महायज्ञ दोपहर 2 बजे से कार्यकर्ता गोष्टी संगठनात्मक स्वरूप शाम 6 बजे से नारियों जागो स्वयं को पहचानो परिचर्चा एवं प्रज्ञा पुराण कथा का वाचन किया जाएगा।

### नदी-नाला से पानी लाने को मिली छुटकारा

# जल जीवन मिशन के तहत जिले के 12 गांवों के 1400 से अधिक घरों में मिलने लगा साफ पेयजल




**कोरिया।** केंद्र सरकार व राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन व हर घर जल के तहत जिले के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री आकाश पोद्दार ने जानकारी दी है कि जिले के सुरमी, डकईपारा, खैरी, सोरगा, दुर्गापारा, जगदीशपुर, विक्रमपुर, कांटों, ओड़गी, हर्रीडीह, अमहर और खोड़री गांवों के एक हजार 469 घरों में साफ पेयजल मिलने लगा है।

उमझर ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम दुर्गापारा निवासी श्रीमती मंगली बाई, श्रीमती लीलावती, श्रीमती सोन कुंवर, श्रीमती बुधनी बाई व श्रीमती नीता पण्डो कहती है कि गांव में नल व पानी की सुविधा नहीं होने की वजह से कतकहिया नाला, केतकी झरिया से पानी लाकर जीवन बसर करती थीं। इस गांव में पण्डो जनजातीय की संख्या अधिक हैं। गांव वालों ने बताया कि नल नहीं होने के कारण उन्हें घर से करीब डेढ़-दो किलोमीटर पगडण्डी व उबड़खाबड़ रास्ते और जंगल के बीच गुजर कर पानी लाने लिए जाते थे जो जीवन का एक हिस्सा बन चुका था। सरपंच श्रीमती शान्ति बाई व पूर्व सरपंच श्री गम्भीर सिंह ने बताया कि ''इस गांव में पेयजल सुविधा के लिए लगातार अधिकारियों से सम्पर्क किया, इसी कारण यहां पेयजल मुहैया हो पाया है। कुछ घरों में पानी की धार कम आने की शिकायत मिली है, उसे भी जल्दी दूर कर लिया जाएगा। डकईपारा निवासी श्रीमती झुरकुंवर, श्रीमती लक्ष्मनिया और श्रीमती सुमित्रा पैकरा ने बताया कि घर में अब नल लग जाने से पानी की किल्लत दूर हुई है। इसी तरह खैरी निवासी श्री शिवप्रसाद सिंह ने बताया कि नल नहीं लगने पर उन्हें दूर से पानी लाना पड़ता था लेकिन अब घर में ही साफ पेयजल मिलने से उन्हे राहत मिल गया है। इन ग्रामवासियों ने बताया कि पहले पीने की पानी को लेकर काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। बरसात में गंदे पानी तो गर्मी के दिनों में पानी के लिए दूर-दूर से पानी लाने के लिए मजबूर होना पड़ता था। केन्द्र सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना को राज्य सरकार बेहद प्राथमिकता से क्रियान्वयन करने में लगी है, जिसके कारण घर में ही नल कनेक्शन लगने से पानी की समस्या दूर हुई वहीं समय की बचत भी हुई है। शुद्ध पेयजल मिलने से जलजनित बीमारियों से भी ग्रामीणों को छुटकारा मिल रहा है।



# संविधान दिवसः अमृत सरोवर और शिक्षण संस्थानों में हुआ आयोजन

**कोरिया।** देशभर में हर साल 26 नवंबर को संविधान अंगीकरण की स्मृति में संविधान दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर जिले के अमृत सरोवर स्थलों और शिक्षण संस्थानों में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें संविधान के महत्व और इसकी उद्देशिका पर प्रकाश डाला गया।

बैकुंठपुर और सोनहत जनपद पंचायत क्षेत्रों के अमृत सरोवर स्थलों पर सामूहिक रूप से संविधान की प्रस्तावना का पाठ किया गया। नागरिकों ने सरोवर की सफाई की और संकल्प लिया कि वे संविधान की रक्षा और इसके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने के लिए सतत प्रयासरत रहेंगे। शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और पटना नगर पंचायत के अमृत सरोवर सहित अन्य स्कूल-कॉलेजों, अमृत सरोवर में भी संविधान दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इन कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों, शिक्षकों, छात्रों, ग्रामीणों और स्वच्छता दीदियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान संविधान उद्देशिका का पाठ किया गया और इसके महत्व पर विचार साझा किए गए। छात्रों ने संविधान के मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों पर अपने विचार प्रस्तुत किए, जबकि शिक्षकों और अधिकारियों ने संविधान को लोकतंत्र का स्तंभ बताते हुए इसकी प्रेरणादायक भूमिका पर प्रकाश डाला। पटना के अमृत सरोवर पर सफाई अभियान के साथ नागरिकों ने यह संदेश दिया कि स्वच्छता और संविधान दोनों की रक्षा करना प्रत्येक भारतीय का कर्तव्य है। इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों ने संविधान के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लेते हुए इस आयोजन को एक प्रेरणादायक और शिक्षाप्रद अनुभव बताय।

### धान खरीदी केंद्रों में बेहतरीन व्यवस्था, किसान संतुष्ट

# बच्चों की पढ़ाई, मकान निर्माण और खेती में करेंगे राशि का उपयोग




**कोरिया।** प्रदेश सहित कोरिया जिले में 14 नवंबर से धान खरीदी सुचारू रूप से शुरू हो चुकी है। जिले में इस बार भी बेहतर प्रबंधन और किसानों के हित में उठाए गए कदमों के चलते किसानों में उत्साह और संतोष का माहौल है। जिले में 22,855 किसान पंजीकृत हैं।और इनके लिए 21 धान खरीदी केंद्र स्थापित किए गए हैं। जिले के पटना केंद्र में सर्वाधिक 2,466 किसान पंजीकृत हैं, जहां 3,285.30 हेक्टेयर में धान की बुआई हुई है। वहीं, रजौली/अकलासरई केंद्र में सबसे कम 322 किसान पंजीकृत हैं और यहां 349.73 हेक्टेयर में धान की खेती हुई है। किसान वर्तमान में कटाई और मिंजाई के बाद ऑनलाइन टोकन लेकर धान बेचने में जुटे हैं।

ग्राम तेंदुआ के किसान श्री सीताराम, श्री राम कृपाल, श्री विमल कांत और ग्राम तिलवनडांड़ के किसान श्री वीरेंद्र सिंह मरकाम ने बताया कि खरीदी केंद्रों में सभी व्यवस्थाएं सुचारू हैं। किसानों ने 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी करने पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह राशि बच्चों की पढ़ाई, मकान निर्माण और खेती-बाड़ी के कार्यों में खर्च की जाएगी।

जिले में सुचारू खरीदी व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने प्रत्येक उपार्जन केंद्र पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं। इसके अतिरिक्त, पांच स्थानों पर चेक पोस्ट और एक जिलास्तरीय नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया गया है। किसी भी समस्या या शिकायत के समाधान के लिए किसान यहां संपर्क कर सकते हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा किसानों के हित में लिए गए बड़े फैसले और प्रशासनिक व्यवस्था की सराहना करते हुए किसान संतोष जता रहे हैं। इन प्रयासों से जिले में धान खरीदी का यह खरीफ सीजन सफल और संतोषजनक साबित हो रहा है।

## धान उपार्जन केन्द्रों में मिल रही सुविधाओं से किसान प्रसन्न

**सूरजपुर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार इस खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में जिले में धान खरीदी का कार्य निरंतर जारी है। कलेक्टर श्री एस जयवर्धन के मार्गदर्शन में पंजीकृत किसानों से जिले के 54 उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी की जा रही है। सभी उपार्जन केंद्रों में समिति में द्वारा किसानों के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं जिससे जिले के किसान प्रसन्न है। गौरतलब है कि किसानों के उपज का वास्तविक मूल्य देने के लिए राज्य शासन द्वारा 3100 प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी का कार्य किया जा रहा है। किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदने और खरीदी केन्द्र में किसानों को मिल रही सुविधाओं से किसान खुश नजर आ रहे है। किसानों से समर्थन मूल्य में खरीदी कर शासन उन्हें आर्थिक रूप से संबल बना रहा है। जिले के भैयाथान विकासखंड के धान उपार्जन केंद्र भैयाथान, आए घनश्याम सिंह ने बताया कि वे 80 क्विंटल धान लेकर आए हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 3100 क्विंटल की दर से धान खरीदी करने पर प्रसन्नता जाहिर की है। उन्होंने इसे शासन की यह बहुत अच्छा योजना बताया। जिससे सभी किसानों को बहुत अच्छा लाभ मिल रहा है।




# संविधान दिवसः जिला न्यायालय और शिक्षण संस्थानों में आयोजित हुए विशेष कार्यक्रम

**कोरिया।** देशभर में 26 नवंबर को संविधान दिवस मनाने के क्रम में जिला न्यायालय बैकुंठपुर, पीजी कॉलेज बैकुंठपुर और बिशनपुर शासकीय हाई स्कूल में संविधान के महत्व पर आधारित कार्यक्रम आयोजित हुए।

जिला अपर सत्र न्यायाधीश विनय कुमार प्रधान और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती अमृता दिनेश मिश्रा ने पीजी कॉलेज बैकुंठपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने संविधान की उद्देशिका का पाठ किया और छात्रों, शिक्षकों व अन्य उपस्थित नागरिकों को संविधान के आदर्शों और उसके पालन की आवश्यकता के बारे में बताया। श्री प्रधान ने कहा, संविधान हमारा मार्गदर्शक दस्तावेज है, जो हमें समानता, न्याय और स्वतंत्रता का अधिकार देता है। इसी तरह बिशुनपुर शासकीय हाई स्कूल में भी छात्रों और शिक्षकों के साथ संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान संविधान की उद्देशिका का पाठ किया गया और बच्चों को मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी दी गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती अमृता दिनेश मिश्रा ने कहा कि संविधान दिवस का उद्देश्य नागरिकों को संविधान के प्रति जागरूक करना और समाज में समानता व न्याय का संदेश देना है। जिले में सक्रिय पैरा लीगल वालंटियर्स (पीएलवी) ने भी अलग-अलग स्थानों पर संविधान दिवस मनाया। उन्होंने ग्रामीणों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष सत्र आयोजित किए।

## शिविर में 94 आवेदन हुए प्राप्त

**सूरजपुर।** सूरजपुर जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत लटोरी में समाधान शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें आसपास के क्षेत्रवासी अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन के साथ शिविर स्थल पर पहुंचे थे।

समाधान शिविर में कुल 94 आवेदन प्राप्त हुए । इस समाधान शिविर में बाबूलाल अग्रवाल, जन प्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक, कलेक्टर श्री एस.जयवर्धन, पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर और जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू सहित, एस डी एम सूरजपुर श्रीमती शिवानी जायसवाल सभी जिला स्तरीय अधिकारीगण एवं जनप्रतिनिधि गण उपस्थित थे। आयोजित शिविर में कलेक्टर श्री जयवर्धन ने सभी हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने की अपील की।

## छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड ने समिति के सदस्यों के साथ ली गई बैठक

**सूरजपुर।** कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में कलेक्टर श्री एस जयवर्धन की अध्यक्षता में छत्तीसगढ टूरिज्म बोर्ड पर्यटन नीति 2020 के अंतर्गत जिला स्तरीय समिति के सदस्यों के साथ जिला सूरजपुर अंतर्गत विभिन्न पर्यटन स्थलों का विकास के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया था। जिसमें समिति के सदस्यों के साथ जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई।कुदरगढ़ में रोप-वे निर्माण को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। रोप-वे के निर्माण को मूर्त रूप देने के लिए नियमानुसार कार्यवाही की बात की गई। जिले के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल का व्यापक प्रचार-प्रसार हो इसके लिए शहर के महत्वपूर्ण जगहों (बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, विश्राम गृह इत्यादि) पर पर्यटन स्थल का पोस्टर लगाया जाएगा। पोस्टर में पर्यटन स्थल का नाम व शहर के केंद्र बिंदु से पर्यटन स्थल की दूरी का चित्रण किया जाएगा ताकि लोकल लोगों के साथ-साथ बाहरी लोग भी जिले के पर्यटन स्थल से परिचित हो सकें।

## जिला मिशन समिति की बैठक 29 को

**सूरजपुर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी की अध्यक्षता में 29 नवंबर को प्रात: 10 बजे जिला पंचायत के सभा कक्ष में जिला मिशन समिति की बैठक आयोजित होनी है।

# एक-एक दाना धान खरीदी की बात हुई तो फिर एवरेज क्यों?

## मीडिया से चर्चा में बोले पीसीसी अध्यक्ष



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने कोरबा जिले के प्रवास के दौरान राज्य सरकार पर सवाल उठाया कि वह धान खरीदी के मामले में दोहरी नीति क्यों अपना रही है। एक-एक दाना धान खरीदने का वादा उसकी ओर से किया गया था तो फिर एवरेज का आधार कहां से आ गया। इसके लिए कांग्रेस निगरानी समिति गठित करते हुए अपनी ओर से हस्तक्षेप करेगी।

कटघोरा में मीडिया से बातचीत करते हुए दीपक बैज ने धान खरीदी मामले को लेकर राज्य सरकार पर कई आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर जो समर्थन मूल्य घोषित किया गया है उसके बजाय केंद्रीय मूल्य के आधार पर किसानों से खरीदी की जा रही है और इसी हिसाब से उन्हें भुगतान किया जा रहा है। केंद्रों में कई प्रकार की समस्याएं हैं। इससे परेशानियां बनी हुई है।

दीपक बैज ने कहा कि पहले कस्टम मिलिंग के मिलर्स को 120 रुपए की दर से भुगतान किया जा रहा था जिसे भाजपा सरकार ने 50 प्रतिशत घटाकर 60 रुपए कर दिया है। ऐसे में मिलर्स को सीधे-सीधे नुकसान हो रहा है और उनके सामने चुनौतियां हैं। इसी के चलते कस्टम मिलिंग प्रभावित है और मिलर्स हड़ताल पर हैं। दीपक ने कहा कि धान खरीदी के मामले को लेकर कांग्रेस पूरे प्रदेश में निगरानी समिति गठित कर रही है जो व्यवस्था से संबंधित खामियों पर नजर रखने के साथ सरकार पर दबाव बनाएगी ताकि किसानों और मिलर्स को सहूलियत हो। चर्चा के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रतन मित्तल, पार्षद राजीव लखनपाल शर्मा, संजय अग्रवाल सहित कांग्रेस के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### दो महीने तक संविधान पर केंद्रित कार्यक्रम

कटघोरा में कांग्रेस के द्वारा संविधान दिवस के उपलक्ष्य में चरणबद्ध कार्यक्रम की शुरुआत की गई। पीसीसी अध्यक्ष ने इसका शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि अगले दो महीने तक राज्य स्तर पर ऐसे कार्यक्रम चलने हैं। इसमें कार्यशाला और अन्य गतिविधियों को शामिल किया गया है। संविधान के तत्व और उसकी सुरक्षा पर ये केंद्रित होंगे। आज हमने शुरुआती कार्यक्रम में इस बारे में शपथ ली है।

### निकाय चुनाव के सिलसिले में लेंगे बैठक

जिले के प्रवास के अंतर्गत पीसीसी अध्यक्ष जिला मुख्यालय कोरबा में कांग्रेस कमेटी की बैठक दोपहर बाद लेंगे। इसमें मुख्य रूप से आगामी दिनों में होने वाले निकाय चुनाव की तैयारी और कांग्रेस की बेहतर भागीदारी पर मंथन होगा। चुनाव के लिए संभावित बिंदुओं पर भी चर्चा होगी। नगर निगम कोरबा और जिले के निकायों में पार्टी के अच्छे प्रदर्शन और जीत की संभावना वाले कार्यकर्ताओं को अवसर दिए जाने को लेकर पार्टी बात कर सकती है। कारण यह है कि इस बार निकायों के प्रमुख पद का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से होना है। चूंकि प्रदेश में भाजपा की सरकार काबिज है ऐसे में स्वाभाविक रूप से कांग्रेस के सामने चुनौतियां तो है ही।

## वेलफेयर कमेटी ने अस्पताल का जायजा लिया

**कोरबा।** एसईसीएल वेलफेयर कमेटी के सदस्य आज कोरबा पहुंचकर एसईसीएल के विभागीय चिकित्सालय का निरीक्षण किया। इस दौरान वे कालोनी का भी निरीक्षण करेंगे। कंपनी वेलफेयर कमेटी के सदस्यों के साथ एस मुर्ति , राजेश साहू, जय मुखर्जी , शैलेन्द्र सिंह, दिनेश साहू सहित अन्य सदस्य भी थे। कल कंपनी सदस्यों के द्वारा कुसमुंडा में जाकर कालोनी व डिस्पेन्सरी का अवलोकन किया जाएगा। जेसीसी सदस्यों के साथ इनकी चर्चा भी होगी। यहां के जेसीसी सदस्य सॉजी जान, समार सिंह, एनके सिंह, राजू सोनी, बैजनाथ पैनका, अजत सिंह कई सुझाव भी देगें। वेलफेयर कमेटी सदस्यों के साथ स्थानीय वेलफेयर कमेटी के सदस्य दौरा करेगें। जिसकी तैयारी जोर शोर से की जा रही है।

## यात्रा सरलीकरण का उठेगा मुद्दा

**कोरबा।** बीकेकेएमएस की आइआर वार्ता गुरुवार को बिलासुपर मुख्यालय में आयोजित है। इस बैठक में कोयला कामगारों के समर यात्रा उठाया जाएगा। बाहर जाते समय कोयला कामगारों को होने वाली परेशानी को देखते हुए नियम को सरल बनाने की मांग की जाएगी। खासकर बाद में कोयला कामगारों को यात्रा के समय होटन में ठहरना पड़ता है। होटल बुक कराने के लिए होने वाले परेशानी को बताया जाएगा। इसके अलावा क्षेत्र से आए प्रतिनिधि मेडिकल बिल, मरीजों को रेफर ,आवासों के मरम्मती करण सहित कई मामलों को रखेगें। बैठक में अशोक सूर्यवंशी ,रंजय सिंह, हिरेन्द्र चंद्रा, अमिया मिश्रा,रमेश गुरूद्वान , मदन सिंह, प्रीतम राठौर, मुकुल कर्ष, हमराज राव, राजेन्द्र यादव सहित अन्य सदस्य शामिल होंगे।

## अंतर क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता

**कोरबा।** रायगढ़ में अंतर क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित किया गया है। जिसमें एसईसीएल की 17 टीमें भाग ले रही है। केन्द्रीय कर्मशाला कोरबा पूर्व की टीम मेनेजर दिलीप सिंह, कोच दादूलाल राठौर कन्तान बाबूलाल चन्द्रा के नेतृत्व में रवाना हुई है।

## प्रदेश स्तरीय बैठक 29 नवंबर को

**कोरबा।** भाजपा की प्रदेश स्तरीय बैठक 19 नवंबर को रायपुर में आशेजित किया गया है। जिसमें जिला चुनाव प्रभारी व सह प्रभारी शामिल होंगे। कोरबा जिले के चुनाव प्रभारी राजा पाण्डेय , सह प्रभारी संजय भावनानी, जांजगीर जिला चुनाव प्रभारी जोगेश लांबा। इस बैठक में शामिल होने के लिए रायपुर जाएंगे।

## संविधान दिवस मनाया गया



**कोरबा।** महात्मा गान्धी मार्ग स्थित धनेश कुमार सिंह अधिवक्ता के कार्यालय में संविधान दिवस मनाया गया इस अवसर पर धनेश सिंह ने कहा हर साल 26 नवंबर को राष्ट्रीय संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता हैं। यह दिन इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि इस दिन साल 1949 में भारत की संविधान सभा की ओर से भारत के संविधान के तैयार खाके को अपनाया था। इसके बाद ही 26 जनवरी 1950 को देश का संविधान लागू किया गया था और जैसाकि सभी जानते हैं कि 26 जनवरी को हम हर साल गणतंत्र दिवस के रूप में मनाते हैं।

*कोरबा। शारदा विहार वार्ड में स्थित मुड़ापार तालाब इन दिनों नशाखोरों के लिए सुरक्षित अड्डा बना हुआ है।

## रजागामार को नगर पंचायत बनाने की मांग करेंगे कांग्रेसी

**कोरबा।** रजगामार क्षेत्र के कांग्रेसी नगर क्षेत्र के विकास के लिए रजगामार को नगर पंचायत बनाने की मांग कर रहे है। कांग्रेस नेता दीप चंद केशरवानी का कहना है कि रजगामार क्षेत्र के सभी गांव पंचायत में आते है। आसपास के गांव को मिलाकर नगर पंचायत बनाया जासकता है। इसकी मांग को काफी लंबे असरे से की जा रही है। अब इस मांग को दुबारा प्रदेश सरकार को भेजा जाएगा। क्षेत्र के नागरिकोंकी बैठक ली गई है। जिसमें लोगों का कहना है कि इस क्षेत्र को नगर पंचायत बनाया जाए ताकि विकास का कार्यतेजी के साथ हो सके। रजगामार एसईसीएल प्रबंधन कॉलोनियों का ही विकास करती है। एसईसीएल प्रबंधन का लाभ अन्य गांव के लिए भी किया जा सकता है। इसके लिए अब लड़ाई लड़ने की जरूरत है। नगर पंचायत के लिए पर्याप्त जनसंख्या भी है।

## राखड़ ने बढ़ायी लोगों की परेशानी

**कोरबा।** क्षेत्र में राखड़ डंप की समस्या बढ़ती जा रही है। कुसमुडा क्षेत्र में राखड़ डंप के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या के समाधान के लिए पूर्व एंडरमैन परमा नद सिंह .नगर पालिका निगम कोरबा एवं अनिल अग्रवाल वरिष्ठ कांग्रेसी संबंधित विभाग को आवेदन देने जा रहे हैं और उसका पुरजोर विरोध कर रहे हैं। उन्होंने संबंधित विभाग से सवाल किया है कि रखड़ का आबादी क्षेत्र में आप संग्रहण क्यों कर रहे हैं।

## ओपन स्कूल की तीसरी परीक्षा में शामिल हुए विद्यार्थी

**कोरबा।** शिक्षा क्षेत्र में किए गए बदलाव के अंतर्गत ओपन स्कूल की परीक्षा में भी कई प्रकार के परिवर्तन हुए हैं। कोरबा जिले में विद्यार्थी ओपन स्कूल की तीसरी परीक्षा में शामिल हुए। वर्ष 2024 में यह अंतिम अवसर था।

माध्यमिक शिक्षा मंडल छत्तीसगढ़ के साथ-साथ ओपन स्कूल बोर्ड ने भी व्यवहारिक कारणों से व्यवस्था बदली है। खबर के अनुसार अब मुख्य परीक्षा में बैठने वाले विद्यार्थियों को दो और अतिरिक्त अवसर की पात्रता प्राप्त हो रही है। दोनों परीक्षाओं में यह प्रभावशील है। शिक्षा विभाग से मिली जानकारी में यह बताया गया कि ओपन स्कूल की मुख्य परीक्षा इस वर्ष मार्च-अप्रैल में संपन्न हुई। इसमें शामिल परीक्षार्थियों को पूरक की पात्रता मिलने पर उन्हें आगे और दो अवसर दिए गए। नतीजों के आधार पर उन छात्रों को तीसरे अवसर में शामिल किया गया जो पहले ही दो परीक्षा में असफल रहे। डीईओ ने बताया कि शाउमावि कोरबा और कटघोरा के एक विद्यालय को ओपन के लिए केंद्र निर्धारित किया गया। केंद्राध्यक्षों को इसकी जिम्मेदारी दी गई।




शीतकाल को गार्डनिंग के लिए उपयुक्त माना जाता है। कोरबा के ओपन थिएटर के फुटपाथ पर इन दिनों गुड़हल, डहलिया, गेंदा, सेवंती के अलावा 70 से अधिक फूलों की वेरायटी उपलब्ध है। इनकी खरीदारी को लेकर लोगों में काफी उत्साह बना हुआ है। नर्सरी कारोबार से जुड़े पश्चिम बंगाल के लोग बताते हैं कि वायु प्रदूषण की तमाम चुनौतियों के बीच गार्डनिंग को लेकर स्थानीयजन दिलचस्पी ले रहे हैं।

# पिकनिक के दौरान नदी में डूबे युवक की दूसरे दिन तलाश जारी

**कोरबा।** हसदेव नदी में स्नान के दौरान दुबे एक युवक की आज दूसरे दिन भी तलाश जारी है। स्टेट डिजास्टर रेस्पॉन्ड फोर्स की टीम इस काम में लगी हुई है। उरगा पुलिस के प्रशिक्षित गोताखोर भी समन्वय बनाने में लगे हैं।

कोरबा जिले के सीमांत क्षेत्र चिचोली में हसदेव नदी में यह घटना हुई। उरगा थाना प्रभारी युवराज तिवारी ने बताया कि नदी में लापता युवक आदर्श सिंह पिता मिथिलेश सिंह उत्तर प्रदेश के अयोध्या संभाग के अंतर्गत आने वाले सुल्तानपुर जिले का निवासी है। वह निजी क्षेत्र की टेलीकॉम कंपनी एयरटेल कंपनी में टावर इंस्टॉलेशन से संबंधित कामकाज में लगा हुआ था। इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियर आदर्श पिछले कुछ समय से इस क्षेत्र में सेवाएं दे रहा था। जानकारी मिली कि अपने कुछ दोस्तों के साथ आदर्श मंगलवार की दोपहर इस क्षेत्र में आया हुआ था जहां पर वे लोग पिकनिक मना रहे थे । नदी के सौंदर्य ने युवकों को आकर्षित किया और इसके साथ वे स्नान के लिए उतर गए जिस क्षेत्र में उनकी उपस्थिति बताई गई वहां पर नदी की गहराई काफी ज्यादा है और यहां पर पहले हादसे हो चुके हैं। खबर के अनुसार इस स्थान पर उतरने के दौरान आदर्श भवन में फंसने के बाद लापता हो गया, जिससे उसके साथ पिकनिक मनाने आए युवक परेशान हो गए। इस बारे में अपनी कंपनी के साथ-साथ पुलिस को अवगत कराया गया। प्रथम दिवस सूर्य के सीमित प्रकाश की उपस्थिति में लापता युवक की खोज की गई लेकिन कोई नतीजा नहीं आ सके। चुकी नदी का दायरा काफी विस्तृत है इसलिए खोजबीन के काम में समस्याएं आणि स्वाभाविक है इसलिए छत्तीसगढ़ डिजास्टर रेस्पॉन्ड फोर्स को इस बारे में अवगत कराया गया। अपने संसाधन के साथ कंपनी ने मैनपॉवर को उतारा और खोजबीन का काम शुरू किया। समाचार लिखे जाने तक नदी में लापता युवक की तलाश का काम पुलिस की निगरानी में जारी है।

### कई मौके पर लोगों को किया गया सावधान

*चिचोली क्षेत्र में बहने वाली हसदेव नदी में एक स्थान पर मौजूद पिकनिक स्पॉट पर खतरे हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने अपने स्तर पर लोगों को लगातार सचेत किया है और वहां पर जाने से बचने की सलाह दी है। इसके बावजूद कुछ मामलों में पिकनिक मनाने के लिए आने वाला वर्ग चेतावनी की उपेक्षा करता है जिससे दुर्घटना हो जाती हैं।*

***युवराज तिवारी, थाना प्रभारी, उरगा***

## बुधवारी बाजार का कायाकल्प करने होगी मांग

**कोरबा।** आज एसईसीएल गेवरा परियोजना में जेसीसी की बैठक बुलाई गई है। जिसमें कई समस्याओं को उठाया जाएगा। खास कर बुधवारी बाजार में मोटर साइकिल स्टैड , शुलभ शौचालय के निर्माण के मांग को भी रखा जा सकता है। कोयला कामगारों का कहना है कि बुधवारी बाजार में क्षेत्र के लोग बाजार करने के लिए आते है। वाहनों को बेतरतीब तरीकें से खड़ा कर दिया जाता है। आने जाने में होने वाले परेशानी को देखते हुए इस मुद्दों को पूर्व में भी उठाया गया था। बुधवारी बाजार में शुलभ शौचालय का निमार्ण भी जरूरी है। ताकि व्यापारियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो । जेसीसी बैठक में रेशम यादव, दीपक उपाध्याय, गोपाल यादव, मदन सिंह ,प्रीमत राठौर सहित अन्य सदस्य शामिल होगें।

## जिले के सरहद पर डटे 50 हाथी वन विभाग का अमला हुआ सतर्क

**कोरबा।** कोरबा एवं कोरिया जिले के सरहद पर 50 की संख्या में हाथी अभी भी डटे हुए हैं। हाथियों का यह दल कभी कोरबा जिले के पसान रेंज अंतर्गत कोडगार व पिपरिया क्षेत्र में पहुंच जा रहा है तो कोरिया जिले के जंगल में हाथियों के दल को लेकर दोनों ही जिले के वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी सतर्क हैं तथा लगातार निगरानी बनाए हुए हैं। बावजूद इसके हाथियों का दल खेतों में पहुंचकर वहां लगे फसलों को तहस-नहस कर दे रहे हैं जिससे ग्रामीण काफी परेशान हैं।

इधर कोरबा वनमंडल के कुदमुरा रेंज में भी हाथी समस्या बनी हुई है। यहां के गुरमा वन परिसर में एक दर्जन के लगभग हाथी घूम रहे हैं। हाथियों का यह दल बीती रात गुरमा गांव के खेतों में पहुंचकर वहां पककर तैयार धान की फसल को रौंद दिया जिससे दो लोगों को काफी नुकसान उठाना पड़ा है। हाथियों द्वारा खेतों में पहुंचकर फसल रौंदे जाने की जानकारी पीड़ित ग्रामीणों द्वारा दिए जाने पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी आज सुबह खेतों में पहुंचे और रात में हाथियों द्वारा किए गए नुकसानी का आंकलन किया। वहीं कुदमुरा रेंज के चचिया परिसर में एक लोनर हाथी सक्रिय है। इस हाथी ने भी खेतों में पहुंचकर धान की फसल को भारी नुकसान पहुंचाया है। हाथियों के द्वारा लगातार नुकसान पहुंचाए जाने से ग्रामीण हलाकान हैं वहीं उन्हें खतरा भी बना हुआ है।

## कोरबा अनुभाग में वाहनों की नीलामी

**कोरबा।** चोरी, तस्करी और लावारिस स्थिति में पाए गए वाहनों की नीलामी आज कोरबा पुलिस अनुभाग के अंतर्गत आने वाले थाना और चौकियों में कराई जा रही है। प्रक्रिया शुल्क जमा करने के साथ बोलीदार इसमें शामिल हो रहे हैं। इस बारे में पुलिस ने पहले ही आवश्यक जानकारी प्रसारित की थी जिससे काफी लोग पहुंचे।

## एन गार्डिया का निधन



**कोरबा।** कोरबा के मिशन स्कूल में अध्यापक रहे एन गार्डिया का आज 83 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। उनके निधन पर उनके परिजनों सहित शिष्यों में भी शोक व्याप्त है। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को 11बजे स्थानीय राताखार ग्रेवियार्ड में किया जाएगा।

## कुरूडीह में आयोजित हुआ रासेयो का विशेष शिविर



**कोरबा।** सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम हायर सेकेंडरी स्कूल कोथारी द्वारा 19 से 25 नवंबर तक धरम लहरे, कार्यक्रम अधिकारी कोथारी, गणेश भार्गव, सहायक कार्यक्रम अधिकारी, दिनेश जोशी संयोजक मनोज प्रधान सहायक संयोजक के कुशल मार्गदर्शन में शा.प्राथमिक शाला कुरुडीह में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती करमदेवी सत्यनारायण कँवर, उपसरपंच श्रीमती शांति बाई गुलाब सिंह कँवर, विशिष्ट अतिथि पंच श्रीमती कविता कँवर, श्रीमती मनीषा कँवर,श्रीमती पार्वती यादव, दिनेश सारथी उपस्थित थे।कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ प्यारेलाल आदिले जी,प्राचार्य जे बी डी कॉलेज कटघोरा, फिरत सारथी , डायरेक्टर सेपवस संस्था कोरबा, मनोज गुप्ता, राष्ट्रीय समाज सेवी, आर. एन. प्रधान, उत्कृष्ट ब्याख्याता, डॉ संजय कुमार संचालक दिल्ली आईएएस कोचिंग, महावीर विजर्सन, एससीईआरटी रायपुर, सनत करियारे जीएससीईआरटी रायपुर, मकरम कमलाकर, एससीईआरटी रायपुर, श्रीमती उर्मिला बाई कँवर प्रधान पाठक उपस्थित थे।

# अमझर में विकास कार्यों की जिम्मेदारी सचिव के पति पर

## 10 साल में नहीं हुआ परिवर्तन



**कोरबा।** पंचायता और ग्रामीण विकास विभाग में कामकाज को लेकर भले ही नीति निर्धारित की गई है लेकिन बहुत सारे मामलों में इस तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कोरबा जिले के सबसे बड़े ब्लॉक पोड़ी उपरोड़ा में 10 साल से महिला सचिव को बनाए रखा गया है। उसके महत्वपूर्ण कार्यों की जिम्मेदारी पति पर है।

खबर के अनुसार लक्ष्मीन मरावी को सचिव पद पर पदस्थ किया गया है जो 10 साल से यहां पर काबिज है। बताया गया कि उनके पति गजानन मरावी के कंधों पर पंचायत में ठेकेदारी से लेकर सचिव पद के अधिकांश कार्यों का निष्पादन कराने का जिम्मा है। डोंगरतराई निवासी सचिव की पदस्थापना अमझर 'अ' है। औपचारिकतावश उन्हें हर दिन वहां जाना होता है। खबर के अनुसार पति की उपस्थिति ऐसे में जरूरी हो जाती है और वे पूरे दिन पंचायत के कार्यों को अपने तरीके से क्रियान्वित करने के साथ उचित हस्तक्षेप भी करते हैं। पंचायत से संबंधित विकास कार्यों का निर्धारण करने में भी उनकी खास भूमिका है। सवाल उठ रहा है कि जब अनेक पंचायतों में सचिव बदले जा रहे हैं तो अमझर को व्यवस्था से अलग क्यों रखा गया है।












स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com